राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
वर्ष: 14 अंक: 170 पृष्ठ: 08
RNI : UTTHIN/2009/31653
actionindiaddn@gmail.com
उत्तराखण्ड संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए।

# दोस्ती दमदार, डिफेंस डील जोरदार!

पीएम मोदी का व्हाइट हाउस में राजकीय स्वागत: ये भारत के 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान और गौरव है: मोदी, जेट इंजन निर्माण तकनीक हस्तांतरित करने के इस ऐतिहासिक रक्षा सौदे की हुई घोषणा

**ऐतिहासिक**

● इंजन स्वदेशी फाइटर जेट्स के लिए बेहद फायदेमंद होंगे, क्योंकि हमें इंजन खरीदने के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना होगा



**टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अमेरिका की राजकीय यात्रा पर व्हाइट हाउस पहुंच गए हैं। यहां उन्हें रेड कार्पेट वेलकम दिया गया। उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी जिल बाइडेन ने रिसीव किया। इसके बाद बाइडेन ने स्वागत भाषण दिया। इसके जवाब में पीएम मोदी ने कहा- आज व्हाइट हाउस में शानदार स्वागत समारोह एक प्रकार से भारत के 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान और गौरव है। अमेरिका में रहने वाले 4 मिलियन से अधिक भारतीय लोगों का भी सम्मान है।

**बाइडेन ने कहा- भारत और अमेरिका का रिश्ता 21वीं सदी में सबसे अहम:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा- प्रधानमंत्री आपका फिर से स्वागत है। मैंने हमेशा विश्वास किया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच यह रिश्ता 21वीं सदी के सबसे अहम संबंधों से एक है। आपके सहयोग से, हमने स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध इंडो-पैसिफिक के लिए क्वाड को मजबूत किया है। बाइडेन के स्वागत भाषण पर पीएम बोले- 'मैं 30 साल पहले साधारण नागरिक के तौर पर अमेरिका आया था। तब व्हाइट हाउस को सिर्फ बाहर से देखा था। यह पहली बार है जब व्हाइट हाउस के दरवाजे इतनी बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकियों के लिए खोले गए हैं'। उन्होंने अमेरिका में रह रहे भारतीयों को दोनों देशों के बीच की अहम कड़ी बताया।

**बाइडेन और मोदी में हुई द्विपक्षीय चर्चा :** व्हाइट हाउस में पीएम मोदी के स्वागत को देखने के लिए हजारों भारतीय मूल के लोग मौजूद रहे। स्वागत के बाद पीएम मोदी बाइडेन के साथ द्विपक्षीय चर्चा की।


**भारत में ही बनेंगे हमारे लड़ाकू विमानों के इंजन:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका दौरे के बीच लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए भारत में प्लांट लगाने की डील फाइनल हो गई है। अब अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस के सहयोग से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारत में ही लड़ाकू विमानों के लिए जीई-एफ 414 इंजन बनाएगा, जिससे भारत के फाइटर जेट्स को आधुनिक इंजन मिल जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ बैठक के दौरान भारत को जेट इंजन निर्माण तकनीक हस्तांतरित करने के इस ऐतिहासिक रक्षा सौदे की घोषणा होने की संभावना है।

भारतीय वायु सेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

## मोदी ने बाइडेन दंपति को सौंपी उपहारों की पोटली

**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन**
भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन वाशिंगटन पहुंच गए हैं। वहां उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनकी पत्नी जिल बाइडेन से मुलाकात हुई है। मोदी ने बाइडन दंपति को उपहारों की पोटली सौंप दी है। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी इस समय अमेरिका यात्रा पर हैं। यात्रा के पहले दिन 21 जून को वे न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल हुए थे। बुधवार को योग दिवस कार्यक्रम के बाद वे वाशिंगटन पहुंचे। यहां उन्हें अमेरिकी सेना ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उसके बाद वह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडेन से मिले। इस दौरान मोदी ने बाइडेन दंपति को उपहारों भरी पोटली सौंपी है।

## सशस्त्र ड्रोन खरीद पर हुआ बड़ा सौदा




**टीम एक्शन इंडिया/वाशिंगटन**
**भारत** के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समय अमेरिका के दौरे पर हैं। इस दौरे को लेकर जबर्दस्त उत्साह के बीच पहली बड़ी घोषणा हुई है। पता चला है कि भारत और अमेरिका के बीच सशस्त्र ड्रोन खरीद पर बड़ा सौदा किया गया है। व्हाइट हाउस ने इस सौदे को 'मेगा डील' करार दिया है। जोरदार स्वागत के बीच वाशिंगटन पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच व्यक्तिगत व उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के बीच वाताएं होनी हैं।

इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के रिश्तों पर कई घोषणाएं भी की जानी हैं। इसके लिए मोदी और बाइडन संयुक्त रूप से पत्रकारों को संबोधित भी करेंगे। औपचारिक ऐलान की प्रतीक्षा के बीच मोदी के इस दौरे की पहली बड़ी घोषणा हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन गुरुवार को भारत द्वारा खरीदे गए जनरल एटॉमिक्स एमक्यू-9 रीपर सशस्त्र ड्रोन की खरीद पर एक मेगा सौदे की घोषणा करेंगे।

**29 हजार करोड़ रुपये का सौदा:** एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसकी तैनाती हिंद महासागर, चीनी सीमा के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। करीब 29 हजार करोड़ रुपये के इस सौदे से भारत को 30 लड़ाकू ड्रोन मिलेंगे। इनमें से 14 नौसेना और आठ-आठ वायुसेना और थल सेना को मिलेंगे।

## डिजिटल प्रौद्योगिकी शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में शक्ति गुणक है : मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को डिजिटल प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पन्न अवसरों और चुनौतियों के बीच सही संतुलन बनाने में जी-20 देशों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल प्रौद्योगिकी को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने में एक शक्ति गुणक करार दिया। प्रधानमंत्री शुक्रवार को पुणे में आयोजित जी-20 शिक्षा मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी समानता स्थापित करने वाले एक तत्व के रूप में कार्य करती है और समावेशिता को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप ढलने की प्रक्रिया में एक शक्ति गुणक है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की क्षमताओं के बारे में भी चर्चा की जो सीखने, कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में काफी संभावनाएं प्रदान करती है। उन्होंने प्रौद्योगिकी द्वारा पैदा किए गए अवसरों और चुनौतियों के बीच सही संतुलन बनाने में जी-20 की भूमिका पर भी जोर दिया। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि मूलभूत साक्षरता युवाओं के लिए एक मजबूत आधार तैयार करती है और भारत इसे प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा ह्यसमझ और संख्यात्मकता के साथ पढ़ने में निपुणता हेतु राष्ट्रीय पहल या निपुण भारत पहल पर प्रकाश डाला और इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता को जी-20 द्वारा भी एक प्राथमिकता के रूप में पहचाना गया है।

## विपक्षी दल नीयत साफ कर लेते तो बेहतर होता: मायावती



**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा है कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी समतामूलक संविधान को सही से लागू करने की क्षमता भाजपा और कांग्रेस के पास नहीं है। इसके साथ ही बिहार में विपक्षी दलों की हो रही बैठक पर भी कटाक्ष किया है और कहा है कि बैठक से पहले अपनी नीयत को साफ कर लेते तो बेहतर होता। गुरुवार को मायावती ने चार ट्वीट किये। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा,ह्य महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ापन, अशिक्षा, जातीय द्वेष, धार्मिक उन्माद, हिंसा आदि से ग्रस्त देश में बहुजन के त्रस्त हालात से स्पष्ट है कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी समतामूलक संविधान को सही से लागू करने की क्षमता कांग्रेस, भाजपा जैसी पार्टियों के पास नहीं है।

## संस्कृत को रोजगार से जोड़ना आवश्यक : सीएम धामी



**देहरादून:** मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत के माध्यम से रोजगार भी मिले। यही सरकार की कोशिश है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ ही वेदभूमि भी है। भारत ने विश्वभर में वेदों का ज्ञान दिया, इसी कारण हम विश्वगुरु कहलाये। गुरुवार को सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने देवप्रयाग स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में स्वामी करपात्री महाराज के स्मृति में वेद शास्त्र अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह देवभूमि के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है कि संस्कृत के क्षेत्र में श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर बहुत कम समय में बड़ा नाम बन गया है। यह परिसर केंद्र सरकार की उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देव वाणी संस्कृत के प्रचार और प्रसार के लिए ऐसे विश्व विद्यालय महत्वपूर्ण हैं।

## ज्ञानी रघबीर सिंह ने संभाला अकाल तख्त जत्थेदार का कार्यभार



**चंडीगढ़:** अकाल तख्त साहिब के नए जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने गुरुवार को अपना पदभार संभाल लिया। अकाल तख्त साहिब पर पाठ के भोग के बाद ज्ञानी रघबीर सिंह यहां पहुंचे, जहां उन्हें पगड़ी पहनाने की रस्म निभाई गई। गुरुवार को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी (एसजीपीसी) की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के अलावा बड़ी संख्या में सिख बुद्धिजीवियों और श्रद्धालु मौजूद रहे। एसजीपीसी प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने ज्ञानी रघबीर सिंह को पगड़ी सौंपने की रस्म को शुरु करवायी। धामी के कहने के बाद ज्ञानी अमरजीत सिंह ने पहली दस्तार भेंट की। इसके बाद अकाली दल की तरफ से दलजीत सिंह चीमा ने ज्ञानी रघबीर सिंह और फिर तख्त श्री दमदमा साहिब की तरफ से ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने दस्तार भेंट किया।

## कांग्रेस को पहले आप का अल्टीमेटम...




**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**पटना में** शुक्रवार को विपक्षी एकता बैठक होनी है। इससे पहले आप के अल्टीमेटम ने अरविंद केजरीवाल के आने पर संशय खड़ा कर दिया है। गुरुवार को बताया कि आप ने केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ कांग्रेस को साथ देने के लिए कहा है। पार्टी ने कहा कि अगर कांग्रेस हमारा साथ नहीं देती है तो हम विपक्ष की मीटिंग में शामिल नहीं होंगे। बुधवार को भी अरविंद केजरीवाल ने नीतीश कुमार समेत सभी पार्टियों को चिट्ठी लिखकर कहा था- मीटिंग में सबसे पहले केंद्र के अध्यादेश पर चर्चा होनी चाहिए। दिल्ली का अध्यादेश एक प्रयोग है, यह सफल हुआ तो केंद्र सरकार गैर भाजपा राज्यों के लिए ऐसे ही अध्यादेश लाकर राज्य सरकारों का अधिकार छीन लेगी।

**बिहार के मुख्यमंत्री आवास पर होगी बैठक:** भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की बैठक शुक्रवार को पटना में मुख्यमंत्री आवास में होगी। इसमें शामिल होने के लिए गैर भाजपा दलों के नेता आज से जुटना शुरू हो गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे अमित शाह

**जम्मू।** विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने तथा श्री अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के प्रबंधों का जायजा लेने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 23 जून को जम्मू-कश्मीर के अपने दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे। जम्मू शहर के त्रिकुटा नगर स्थित पार्टी मुख्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देने के साथ ही गृहमंत्री अमित शाह के दो दिवसीय दौरे की शुरूआत होगी। गृहमंत्री 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सुबह सवा 11 बजे सीधे भाजपा मुख्यालय जाएंगे।

## फेस ऑथेंटिकेशन फीचर वाला पीएम किसान मोबाइल ऐप हुआ लांच



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने गुरुवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत फेस ऑथेंटिकेशन फीचर का पीएम-किसान मोबाइल ऐप लांच किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, भारत सरकार की बहुत ही व्यापक और महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके क्रियान्वयन में राज्य सरकारों ने काफी परिश्रमपूर्वक अपनी भूमिका का निर्वहन किया है, इसी का परिणाम है कि लगभग साढ़े 8 करोड़ किसानों को केवाईसी के बाद हम योजना की किस्त देने की स्थिति में आ गए हैं। यह प्लेटफार्म जितना परिमार्जित होगा, वह पीएम-किसान के काम तो आएगा ही, और किसानों को कभी भी-कोई लाभ देना हो, तब भी केंद्र व राज्य सरकारों के पास पूरा डेटा उपलब्ध होगा, जिससे कोई परेशानी खड़ी नहीं हो सकेगी। आधुनिक टेक्नालॉजी के बेहतरीन उदाहरण इस ऐप से फेस ऑथेंटिकेशन फीचर का उपयोग कर किसान दूरदराज, घर बैठे भी आसानी से बिना ओटीपी या फिंगरप्रिंट के ही फेस स्कैन कर ई-केवाईसी पूरा कर सकता है और 100 अन्य किसानों को भी उनके घर पर ई-केवाईसी करने में मदद कर सकता हैं।

## एमपी समेत 8 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान...

### असम के 20 जिलों में बाढ़, 1 लाख से ज्यादा प्रभावित; बंगाल-बिहार में 11 लोगों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मानसून** को आए हुए 15 दिन हो चुके हैं। अब तक यह आधे राज्यों में भी ठीक से नहीं पहुंचा है। मौसम विभाग ने बताया है कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और झारखंड समेत 8 राज्यों में भारी बारिश हो सकती है। इधर, पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश से बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। असम में ब्रह्मपुत्र नदी उफान पर है। असम स्टेट डिजास्टर के मुताबिक, राज्य के 20 जिलों में बाढ़ से हालात खराब हैं। 108 गांवों में 1 लाख 20 हजार लोग प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा नलबाड़ी जिले में बाढ़ से 45 हजार लोग प्रभावित हैं। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन यानी 22 से 26 जून तक पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय में भारी बारिश का अनुमान जताया है। पश्चिम बंगाल के मालदा और बिहार के जमुई जिले में बुधवार को बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। मालदा में 12 बच्चे भी बिजली गिरने से घायल हुए हैं।

**गर्मी से मिलेगी राहत**

● मौसम विभाग ने बताया है कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और झारखंड समेत 8 राज्यों में भारी बारिश हो सकती है

**अगले 4 दिन 4 राज्यों में लू का अलर्ट:** आईएमडी ने अगले 4 दिन 4 राज्यों में लू का अलर्ट जारी किया है। ओडिशा, बिहार, झारखंड और तेलंगाना में लू चलने की आशंका है। वहीं, इन्हीं 4 दिनों में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

## मणिपुर हिंसा, इंफाल में भीड़ और सेना के बीच फायरिंग



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** में 3 मई से शुरू हुई हिंसा के 50 दिन पूरे हो गए हैं, लेकिन हालात खराब बने हुए हैं। यहां रोजाना ही फायरिंग या ब्लास्ट की घटनाएं हो रही हैं। गुरुवार सुबह 5 बजे इंफाल वेस्ट जिले के नॉर्थ बोलजांग में अज्ञात लोगों और असम राइफल्स ट्रूप के बीच फायरिंग हुई। इसमें दो सैनिक घायल हो गए। दोनों की हालत स्थिर है। इससे पहले बुधवार रात बिष्णुपुर में कार विस्फोट में 3 लोग घायल हुए, जबकि बुधवार शाम करीब 5:45 बजे इंफाल ईस्ट जिले में ऑटोमैटिक स्मॉल आर्म्स के शॉट फायर किए गए। हालात देखते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार 24 जून को दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक को कांग्रेस ने बहुत लेट और नाकाफी बताया है। कांग्रेस का कहना है कि अगर मणिपुर के लोगों के साथ बातचीत की कोशिश दिल्ली में बैठकर की जाएगी, तो इसमें गंभीरता नहीं दिखेगी।

**केसी वेणुगोपाल बोले- सोनिया गांधी के संदेश के बाद जागी सरकार:** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार तब जागी है जब सोनिया गांधी ने मणिपुर के लोगों को संबोधित किया। इस गंभीर समस्या पर होनी वाली बैठकों से पीएम का दूर रहना उनकी कायरता दिखाता है।

इससे पता चलता है कि वे अपनी असफलताओं का सामना नहीं करना चाहते हैं। जब कई नेताओं ने कई बार उनसे मिलने की कोशिश की, तब भी वे समय नहीं निकाल सके।

## विपक्ष का नेता पद छोड़ना चाहता हूं: अजित पवार



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**शरद पवार** के भतीजे अजित पवार ने महाराष्ट्र में विपक्ष के नेता का पद छोड़ने की इच्छा जताई है। अजित ने पार्टी नेतृत्व से अपील की थी कि उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता की जिम्मेदारी से मुक्त किया जाए और पार्टी संगठन में कोई भूमिका सौंपी जाए। इस पर उनकी बहन और पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले ने मीडिया से बातचीत में कहा- मैं चाहती हूं कि अजित दादा की हर इच्छा पूरी हो। दादा को संगठन में मौका देना है या नहीं यह संगठनात्मक निर्णय है। मुझे बहुत खुशी है कि दादा संगठन के लिए काम करना चाहते हैं। इससे कार्यकर्ता उत्साहित हैं। एनसीपी चीफ शरद पवार ने 10 जून को अपनी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले और पार्टी महासचिव प्रफुल्ल पटेल को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया।

## मणिपुर हिंसा पर पीएम चुप्पी तोड़ें : कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस ने** कहा है कि मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुप्पी तोड़नी चाहिए। उन्हें इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने ट्वीट कर कहा कि पिछले 54 दिनों से मणिपुर जल रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे पर एक शब्द तक नहीं बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को मणिपुर के लिए समय निकालना चाहिए। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी ट्वीट कर मणिपुर हिंसा मुद्दे पर केन्द्र सरकार की आलोचना की है। राहुल ने कहा कि मणिपुर जल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौन हैं।

**धरपकड़ जारी**

### 1 से 5 लाख तक का इनाम, बंबीहा गैंग का लक्की और संदीप बंदर भी शामिल

## एनआईए की लिस्ट में हरियाणा-पंजाब के 8 गैंगस्टर्स शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी**
**नेशनल** इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने हरियाणा और पंजाब के 8 गैंगस्टर्स को वांटेड सूची में डालते हुए उन पर 1 से 5 लाख रुपए का तक का इनाम घोषित कर दिया है। इनमें बंबीहा सिंडिकेट को ऑपरेट कर रहे लक्की पटियाल के अलावा गैंगस्टर कौशल चौधरी का खास गुर्गा संदीप उर्फ बंदर भी शामिल है। ये सभी गैंगस्टर्स लंबे समय से फरार चल रहे हैं। इनमें कुछ विदेश में छुपकर पूरे नेटवर्क को चला रहे हैं।

**इन पर घोषित किया इनाम:** एनआईए ने गुरुग्राम में शिवाजी नगर के रहने वाले दिनेश शर्मा उर्फ गांधी, नीरज उर्फ पंडित, गुरुग्राम के नाहरपुर रूपा निवासी संदीप उर्फ बंदर, करनाल में असंध के रहने वाले दलेर सिंह उर्फ दलेर सिंह उर्फ कोटिया, पंजाब में लुधियाना के गुरपिन्द्र सिंह उर्फ बाबा दल्ला, मोगा निवासी सुखदूर सिंह उर्फ सुखा दुनेके पर 1-1 लाख रुपए और आतंकी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डल्ला और गौरव पटियाल उर्फ सौरव ठाकुर उर्फ लक्की पटियाल पर 5 लाख रुपए का इनाम रखा गया है।

इन सभी मोस्ट वांटेड अपराधियों की इश्तहार के साथ उन पर इनाम की राशि घोषित करने के बाद सार्वजनिक कर दिया गया है। एनआईए ने कहा कि इनसे संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई जानकारी मिले तो वह एजेंसी को सूचित करे। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पता गुप्त रखा जाएगा।

**एनआईए की तलाश**

● ये सभी गैंगस्टर्स लंबे समय से फरार चल रहे हैं। इनमें कुछ विदेश में छुपकर पूरे नेटवर्क को चला रहे हैं

**ज्यादातर गैंगस्टर्स विदेशों में छुपे:** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी पिछले एक साल से गैंगस्टर्स और आतंकियों के खिलाफ बड़े स्तर पर कार्रवाई कर रही है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, यूपी और अन्य राज्यों में रेड कर चुकी है। सूत्रों के अनुसार, इनमें ज्यादातर गैंगस्टर्स भारत छोड़कर विदेशों में छुपे हुए हैं।

अर्शदीप उर्फ डल्ला कनाडा और लक्की पटियाल अर्मेनिया में बैठकर पूरे नेटवर्क को चला रहा है।

# प्रधानमंत्री ने अमेरिका में बढ़ाया उत्तराखंड का मानः मुख्यमंत्री

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन से मुलाकात के दौरान उन्हें उत्तराखंड का चावल का उपहार भेंट कर राज्य का सम्मान बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन को धान्यदान के रूप में उत्तराखंड में पैदा होने वाले लंबे चावल भेंट करने पर प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद देते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय फलक पर उत्तराखंड व यहां की पहचान को



स्थान देने के लिए प्रत्येक उत्तराखंडवासी की तरफ से गौरवपूर्ण पल की संज्ञा दी।
उपहार के खास बॉक्स में दस दान राशि हैं- गौदान (गाय का दान), भूदान (भूमि का दान), तिलदान (तिल के बीज का दान), राजस्थान में हस्तनिर्मित 24ङ शुद्ध और हॉलमार्क वाला सोने का सिक्का हिरण्यदान (सोने का दान), रौप्यदान (चांदी का दान), लवंदन (नमक का दान), श्रीगणेश मूर्ति, एक दीया (तेल का दीपक), पंजाब का घी, झारखंड के तसर रेशम का कपड़ा, उत्तराखंड से प्राप्त लंबे दाने वाला चावल और महाराष्ट्र का गुड़।
साथ ही अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडन को प्रधानमंत्री मोदी ने उपहार के रूप में 7.5 कैरेट का ग्रीन डायमंड दिया है।

## कांवड़ मेला की तैयारियों को और पुख्ता कर रहा पुलिस प्रशासन

**हरिद्वार**
जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल व एसएसपी अजय सिंह की अध्यक्षता में मेला भवन में बैठक हुई। इस दौरान गंगा सभा हरिद्वार के पदाधिकारी, मोती बाजार एवं अपर रोड़ स्थित दुकानों सहित स्थानीय व्यापारी, सिडकुल एसोसिएशन, साधु संत समाज एवं विद्युत विभाग, जल निगम, पीडब्लूडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे। बैठक के दौरान कांवड़ मेला सकुशल कराने के लिए विभिन्न विभागों का उचित तालमेल बैठाने सहित यात्राकाल को भी दृष्टिगत रखते हुए निर्धारित किए गए रूट डायवर्जन, पार्किंग आदि मुद्दों के साथ-साथ व्यापारियों के लिए सामान की निर्बाध आपूर्ति किए जाने आदि छोटी-बड़ी सभी घटनाओं पर गहनता से विचार विमर्श कर तैयारियों को अन्तिम रूप देने के लिए चर्चा की गई।

# पिथौरागढ़ के होकरा में भीषण हादसा

**8 इसमें एक बोलेरो खाई में गिर गयी, जिसमें सवार नौ लोगों के मौत हो गई है जबकि दो लोग लापता हैं।**

**पिथौरागढ/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के थाना नाचनी के मसूरी-होकरा मोटर मार्ग पर सप्लाई गोदाम के पास गुरुवार को हुए हादसे में मरने वालों की संख्या दस हो गई है। इसमें एक बोलेरो गहरी खाई में गिर गयी थी। इस वाहन में कुल 10 लोग सवार थे। वाहन में सवार सभी लोगों की पहचान भी कर ली गई है। राज्य आपदा प्रबंधन और बचाव विभाग ने इसकी पुष्टि की है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ के नाचनी थाना क्षेत्र में बोलेरो के दुर्घटनाग्रस्त होने और



हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख जताया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करने की कामना करने के साथ मृतकों के परिजनों को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। राज्य आपदा प्रबंधन और बचाव की जारी विज्ञप्ति के अनुसार आज सुबह बोलेरो वाहन संख्या यूके-02टीए 10845 में सवार होकर बागेश्वर के शामा क्षेत्र के लोग होकरा मंदिर में पूजा के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनका बोलेरो वाहन थाना क्षेत्र नाचनी में पहुंचा तो वह मसूरी-होकरा मोटर मार्ग पर सप्लाई गोदाम के पास पांच सौ मीटर नीचे खाई में गिर गया।

## उत्तराखंड का चावल जो बाइडन को उपहार में देना राज्य के विशेष लगाव को दशार्ता है : गणेश जोशी

**देहरादून**
कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में उत्पादित लंबे दाने के चावलों को प्रधानमंत्री की ओर से अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को उपहार में भेंट करना उत्तराखंड के प्रति विशेष लगाव को दशार्ता है।
कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री का उत्तराखंड और देवभूमि के प्रति विशेष लगाव को दशार्ता है। उन्होंने उत्तराखंड के लंबे चावल को विश्व पटल पर एक नई पहचान देकर राज्य के कृषकों का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा यह समूचे प्रदेश के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है।

# चारधाम : अब तक 30 लाख से अधिक यात्री पहुंचे धाम, 47 लाख पंजीकरण

**8 अब तक 30 लाख श्रद्धालुओं ने चार धाम में दर्शन कर चुके हैं। अकेले केदारनाथ में 10 लाख 29 हजार से अधिक यात्री पहुंचे हैं**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
चारधाम यात्रा पर रिकॉर्ड तीर्थयात्रियों के आने से स्थानीय लोग प्रफुल्लित हैं। अब तक 30 लाख 27 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने चार धाम में दर्शन कर चुके हैं। इनमें अकेले केदारनाथ में 10 लाख 29 हजार से अधिक यात्री पहुंचे हैं। चार धाम आने के लिए अब तक 47 लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है।
इस वर्ष चारधाम यात्रा शुरू होते



ही श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। रिकार्ड संख्या में श्रद्धालुओं का आना रोजगार और स्वरोजगार के लिहाज से उपयोगी साबित हो रहा है। चारधाम यात्रा बुलेटिन के मुताबिक 21 जून रात्रि बजे तक केदारनाथ में 10 लाख 29 हजार 884 लोग और बदरीनाथ में 8 लाख 98 हजार 221 यात्री, गंगोत्री 5 लाख 41 हजार 287, यमुनोत्री धाम में 4 लाख 69 हजार 378 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इसके अलावा हेमकुंड साहिब में भी 88 हजार 455 तीर्थयात्री आ चुके हैं। अभी चारधाम यात्रा नवंबर तक चलेगी है। ऐसे में इस साल श्रद्धालुओं के आने का नया रिकॉर्ड बनने की संभावना जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सबसे अधिक 35 लाख 99 हजार 938 श्रद्धालुओं ने वेब पोर्टल, 8 लाख 96 हजार 103 लोगों ने मोबाइल एप और 2 लाख 94 हजार 220 लोगों ने व्हाट्सअप के माध्यम से पंजीकरण कराया है। इस प्रकार अब तक कुल 47 लाख 90 हजार 661 लोगों ने चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है।
पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने बताया कि चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और सुरक्षित यात्रा के लिए उत्तराखण्ड पुलिस के जवान पूरी तरह से मुस्तैद हैं। अभी तक 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं का दर्शन करना राज्य के लिए अच्छी बात है।

## संक्षिप्त खबरें

### जहरीला केमिकल खाने से 5 गायों की मौत से सनसनी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जहरीला केमिकल खाने से 5 गाय की मौत हो गई, जबकि दर्जनों गाय गंभीर रूप से बीमार हैं। इनका इलाज किया जा रहा है।
थाना रानीपुर क्षेत्र के गांव गढ़ मीरपुर की कास रोह नदी में यूपी के जनपद सहारनपुर की तहसील बेहट के गांव ख्वाहिशपुर के गोपालक राकिब, असजद, मोहसिन, जाकिर, बिल्लू, लुकमान, नूर हसन आदि नदी के समीप रहकर गाय का पालन करते हैं और आसपास के क्षेत्र में इनको चराकर आते हैं।
गत दिवस राकिब अपनी गाय को लेकर निकट के गांव पूरनपुर के जंगल में गया था। इसी बीच वहां रास्ते में पड़े एक सफेद रंग के केमिकल पर कुछ गाय के पैर लग गए। इस कारण दो दर्जन गायें छटपटाने लगीं और अपने पैरों को चाटने लगी। जब तक गोपालक कुछ समझ पाते आधा दर्जन गाय वहां मौके पर ही गिर गईं। बमुश्किल गोपालक इन गायों को अपने डेरे पर लेकर आये, जबकि एक गाय वहीं गिर गई तथा उठ नहीं पाई। डेरे पर आकर इलाज के दौरान चार गाय की मौत हो गईं जबकि दर्जनों गायें गंभीर रूप से बीमार हैं। इनका चिकित्सक उपचार कर रहे हैं। पशु चिकित्सा केंद्र तेलीवाले की चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन सैनी का कहना है कि कोई जहरीला केमिकल खाने से गाय बीमार हुई हैं, जिन का इलाज किया जा रहा है।

### हाथ जोड़ते नजर आए सड़कों पर उत्पात मचाते युवक, पुलिस एक्ट में हुआ चालान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
शहर की सड़कों पर उत्पात मचाते कार सवार दो युवकों का पुलिस एक्ट के तहत चालान कर कार को भी सीज कर दिया गया है। पकड़े जाने के बाद आरोपित युवक पुलिस से मांगी मांगते नजर आए। बीती देर रात दिल्ली नंबर की एक कार तेजी से चीला वन क्षेत्र से चंडीघाट की तरफ आई, जिसमें बैठे चालक और उसके साथी ने चलती कार से कांच की बोतलें फेंकी और हो-हल्ला मचाते हुए तेजी से कार को शहर की ओर मोड़ दिया। कार सवार युवकों की इस हरकतों की शिकायत पुलिस कंट्रोल रूम को मिली। इस पर पुलिस ने पीछा करते हुए दोनों कार सवार युवकों को पकड़ लिया और चंडीघाट चौकी ले आए। पकड़े जाने पर दोनों युवक पुलिस के आगे गिड़गिड़ाने लगे और भविष्य में दुबारा ऐसी गलती ना करने की कसमें खाते दिखे। पुलिस ने गाड़ी के कागजात ना दिखा पाने और सड़कों पर उत्पात मचाने के चलते वाहन को सीज कर दोनों आरोपित निश्चय निवासी फूटवाल ग्राउंड कनखल (चालक) और अनमोल निवासी चावड़ी बाजार दिल्ली युवकों का पुलिस एक्ट में चालान कर दिया।

### पापा की जादूई पॉकेट का सेक्रेट बताया

**देहरादून।** एक पिता अपने बच्चों की सुरक्षा और भरण-पोषण के लिए हर संभव प्रयास करता है, बाधाओं को आड़े नहीं आने देता। और वह हमेशा एक रहस्यमयी तरीके से इन कार्यों को करता है। इस फादर्स डे पर, भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने जादूई पॉकेट का सीक्रेट नामक एक विशेष डिजिटल अभियान शुरू किया। फिल्म पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य विपणन अधिकारी, गिरीश कालरा ने कहा, कि परिवार का भरण-पोषण करने वाले व्यक्ति के रूप में, एक पिता मौन रूप में कई त्याग करता है ताकि उसके बच्चे सुरक्षित रहें और उनकी अच्छी देखभाल हो।

### ट्राईकलर एग्रोकेमिकल ब्लेंड बनाने वाली पहली भारतीय कंपनी

देहरादून। भारतीय कृषि रसायन उद्योग की प्रमुख कंपनियों में से एक, बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसे ट्राईफ्लोक्सिस्ट्रोबिन 10 प्रतिशत प्लस डिफेनोकोनाजोल 12 .5 प्रतिशत प्लस सल्फर 3 प्रतिशत एससी का उत्पादन करने के लिए पंजीकरण प्राप्त हुआ है। इससे बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड (बीएएल) भारत में ट्राईफ्लोक्सिस्ट्रोबिन 10 प्रतिशत प्लस डिफेनोकोनाजोल 12 .5 प्रतिशत प्लस सल्फर 3 प्रतिशत एससी का उत्पादन करने वाली पहली भारतीय कृषि रसायन कंपनी बनेगी। बीएएल ने बताया कि केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड और पंजीकरण समिति (सीआईबीआरसी) ने अपनी 447वीं बैठक में यह पंजीकरण इसकी संपूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सीडलिंग्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को प्रदान किया है। बेस्ट एग्रोलाइफ लिमिटेड के एमडी, विमल कुमार ने कहा कि हमारी कंपनी को इस पंजीकरण की बहुत प्रतीक्षा थी। वर्षों से बीएएल ने किसान-केंद्रित कंपनी होने की अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

# न्याय पंचायत रानी पोखरी के राज्य आंदोलनकारियों ने तहसील में किया प्रदर्शन



**ऋषिकेश**
न्याय पंचायत रानी पोखरी के संयुक्त आंदोलनकारी मंच ने उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अपनी 4 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया।
गुरुवार को संयुक्त आंदोलनकारी मंच द्वारा तहसील में किए गए प्रदर्शन के उपरांत पूर्व प्रधान बड़कोट के पुष्पराज बहुगुणा द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि आंदोलनकारियों को दिए जाने वाला 10 फीसद क्षितिज आरक्षण को अविलंब बहाल किया जाए। सम्मानजनक पेंशन के साथ लोकतंत्र सेनानियों की तर्ज पर 20000 पेंशन की जाए। साथ ही आंदोलनकारियों को राज्य निर्माण सेनानियों का दर्जा दिया जाए। इसी के साथ उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी पेंशन कार्यों को पेंशन पट्टा जारी किया जाए। वास्तविक वंचित छूटे हुए आंदोलनकारियों को चिन्हित किया जाए।
ज्ञापन में कहा गया कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों का मांगों को लेकर विगत 5 जून से शहीद स्मारक कचहरी में धरना प्रदर्शन लगातार चल रहा है।
इसके 15 दिन बीतने के बाद भी सरकार ने किसी भी प्रतिनिधि को आंदोलनकारियों की समस्याओं की सुध नहीं ली है, उन्होंने मांग की कि आन्दोलनकारियों के पक्ष में शीघ्र शासनादेश जारी किया जाए।
प्रदर्शन करने वालों में सारंधर वाला के दीपक भट्ट ,नरेश पुंडीर सुरेंद्र बिष्ट, पूणार्नंद तिवारी, संजीव नेगी, राजेंद्र कुमार तोमर, धर्मेंद्र यादव, आदेश कुमार शर्मा, भगवान सिंह चौहान ,राजीव जोशी, विजेंद्र बिष्ट ,भूपेंद्र चौहान, लक्ष्मीनरायण पोखरियाल, सुंदरलाल तिवारी आदि प्रमुख थे।

## तीन पेटी देशी शराब बरामद, वाहन चालक और दुकानदार गिरफ्तार

**नैनीताल**
नैनीताल जनपद की बेतालघाट पुलिस ने 2 शराब तस्करों को 3 पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।
बेतालघाट पुलिस थाने में तैनात उप निरीक्षक गौरव जोशी ने चेकिंग के दौरान टैक्सी बुलेरो वाहन संख्या यूके04टीए-9299 में अवैध रूप से 3 पेटी गुलाब मार्का देशी शराब ले जाते हुए पकड़ा। मामले में वाहन चालक किशोर गोस्वामी निवासी डाबर जोशीखोला बेतालघाट व परचून की दुकान चलाने वाले हरीश गिरी निवासी तल्ली सेठी बेतालघाट नैनीताल को गिरफ्तार किया गया।

# लोन की किश्त जमा करने के लिए बना था चोर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
दीवार तोड़कर कोल्हू की दुकान से सामान चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके दो सहयोगी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है।
लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी फुरकान ने 19 जून को पुलिस को दी तहरीर में अज्ञात चोरों के सुल्तानपुर इस्माइलपुर रोड पर स्थित तेल कोल्हू की दीवार तोड़कर कोल्हू के अन्दर से 10 सरसों के कट्टे



चोरी करने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया था। चोरी के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित मनोज राठौर निवासी हरबन्सवाला थाना बढ़ापुर, जिला बिजनौर, यूपी को जसोद्दरपुर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से वाहन छोटा हाथी, आलानकब और घटना में चुराए हुए सरसों के कट्टे भी बरामद किए।

# खराब मौसम से चारधाम यात्रा पर लग सकता है ब्रेक

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम विभाग के पूवार्नुमान के चलते उत्तराखंड में मौसम करवट बदलने लगा है। इससे चारधाम यात्रा पर असर दिखने लगा है। रातभर गढ़वाल के मुख्य द्वार ऋषिकेश में हल्की बारिश हुई, जिससे उमस बढ़ गई है। इसने लोगों का बुरा हाल कर दिया है। वहीं ऋषिकेश में जी-20 की बैठक के चलते किए जा रहे विकास कार्यों के दौरान बिजली की लाइनों को शिफ्ट किए जाने से नगर में 10 से 15 घंटे बिजली न होने के कारण लोग उबल रहे हैं। गढ़वाल के अपर आयुक्त नरेन्द्र सिंह क्वरियाल ने बताया कि मौसम विभाग के लगातार मिल रही चेतावनी के चलते पहाड़ी अंचलों में भी विभिन्न स्थानों पर



तेज बारिश से चारधाम यात्रा पर ब्रेक लगने की आशंकाएं जन्म लेने लगी हैं जबकि मानसून आने में अभी कुछ समय बचा है, लेकिन उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में पल-पल मौसम बदल रहा है। सुबह धूप खिलती है तो दोपहर होते-होते बारिश होने लगती है। बारिश की वजह से चारधाम यात्रा प्रभावित होनी शुरू हो गई है। मौसम खराब होने और यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए श्रद्धालुओं को मौसम के अपडेट के मुताबिक ही यात्रा करने के लिए प्रशासन कहने लगा है। इस बार प्रशासन भी यात्रियों के साथ कोई रिस्क नहीं लेना चाहता है। प्रशासन की ओर से लगातार मौसम सही होने पर यात्रा करने की सलाह दी जा रही है।
गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों में प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों से लेकर मैदानों तक मौसम ने करवट ली। इससे लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन बारिश से चारधाम यात्रियों के लिए मुश्किल खड़ी हो गई है। हालांकि बदरीनाथ धाम की तीर्थयात्रा सुचारु रूप से चल रही है। आज गुरवार सुबह भी हजारों तीर्थयात्रियों ने भगवान बदरीविशाल के दर्शन किए, लेकिन माना जा रहा है कि जल्द ही बारिश के चलते विश्व प्रसिद्ध चारधाम यााात्रा के ब्रेक लग सकता है। मौसम की गड़बड़ी को देखते हुए पूरी आंशकाएं उत्पन्न होनी शुरू हो गई हैं।

# उत्तराखंड में प्री-मानसून की बारिश, गर्मी से मिली राहत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में प्री-मानसून की दस्तक से तपिश भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। गर्जन के साथ बारिश की तेज बौछारें और हवा से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग अगले चार दिनों के लिए विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों के लिए भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी जारी की है। गुरुवार तड़के से देहरादून, मसूरी, चकराता सहित आसपास के निचले इलाकों में रुक-रुक कर बारिश की तेज बौछारें पड़ रही हैं। पर्वतीय इलाकों में आसमान में बादल डेरा डाले हुए हैं। देहरादून में सुबह से बादलों के ओट में सूर्यदेव छिपे हुए हैं। पिछले कई



दिनों से दून के अलावा मसूरी, डोईवाला, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, उधमसिंहनगर, हल्द्वानी और श्रीनगर गढ़वाल में भी चिलचिलाती धूप से लोग बेहाल रहे। आज तेज हवा और गर्जन के साथ होने वाली बारिश से निचले इलाकों में भी उमस भरी गर्मी से राहत मिली। देहरादून में प्री-मानसून की पहली बारिश में लोग छतों और आंगन में नहाने का आनंद लेते देखे गए। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के पर्वतीय इलाकों में 22 जून से 26 जून तक गर्जन के साथ बारिश और झोंकेदार हवाओं का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के विशेषकर पर्वतीय जनपदों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, तीव्र बौछार तथा झोंकेदार हवाएं (वायु गति 40-50 किलोमीटर प्रति घंटा) चलने की संभावना है।
प्रदेश में 23 जून को नैनीताल, चम्पावत, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना है। 24 से लेकर 26 तक राज्य के पर्वतीय जनपदों में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि 25 जून तक होने वाली बारिश प्री-मानसून की बारिश में दर्ज की जाएगी। राज्य में 25 जून को पूरी तरह से मानसून प्रवेश कर जाएगा। मानसून के दौरान पर्वतीय इलाकों में अच्छी बारिश के आसार हैं। जबकि इन दिनों में मैदानी इलाकों का भी मौसम बदलने की संभावना है।

# वाहन चोर गिरोह के 3 सदस्य दबोचे गए

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लक्सर कोतवाली क्षेत्र के थाना खानपुर पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की 10 बाइक बरामद की गई हैं। पकड़े गए आरोपितों पर जनपद के कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं।
पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए चलाए गए अभियान के तहत चोरी की 10 मोटरसाइकिल बरामद करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों ने कोतवाली नगर, ज्वालापुर, रानीपुर व अन्य क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम अभिषेक



निवासी ब्रह्मपुरी रावली महदूद, बन्टी निवासी ग्राम रोहाल्की थाना खानपुर जनपद हरिद्वार और नीरज निवासी फुगाना थाना फुगाना मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश बताए। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।


# संस्कृत को रोजगार से जोड़ना आवश्यक : सीएम

## -श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर केंद्र सरकार की उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात : मुख्यमंत्री

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत के माध्यम से रोजगार भी मिले। यही सरकार की कोशिश है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ ही वेदभूमि भी है। भारत ने विश्वभर में वेदों का ज्ञान दिया, इसी कारण हम विश्वगुरु कहलाये।
गुरुवार को सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने देवप्रयाग स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में स्वामी करपात्री महाराज के स्मृति में वेद शास्त्र अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यह देवभूमि के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है कि संस्कृत के क्षेत्र में श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर बहुत कम समय में बड़ा नाम बन गया है। यह परिसर केंद्र सरकार की उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात है।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देव वाणी संस्कृत के प्रचार और प्रसार के लिए ऐसे विश्व विद्यालय महत्वपूर्ण हैं। आशा है कि यहां अध्ययन करने वाले छात्र स्वामी करपात्री महाराज की तरह ही दृढ़संकल्पी, एवं त्यागी बनेंगे। युवाओं को स्वामी करपात्री जी महाराज से त्याग, संकल्पबद्धता और धर्म रक्षा की प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि हम चाहते हैं कि प्राचीन ज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्ध उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक भूमि अपने वैभव को पुनः प्राप्त करे और हमारी संस्कृति और संस्कृत का प्रचार प्रसार हो। इसके लिए यह विश्वविद्यालय उत्तराखंड ही नहीं वरन देश की महत्वपूर्ण धरोहर है। पहले उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्रों के बच्चों को संस्कृत की उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए वाराणसी, जयपुर, केरल, हरिद्वार इत्यादि जैसे शहरों में जाना पड़ता था, इससे उनका समय और धन बहुत व्यय होता था। इस परिसर के खुलने से यह समस्या हमेशा के लिए दूर हो गयी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस परिसर पर विशेष फोकस है। प्रधानमंत्री कार्यालय लगातार इस परिसर के निर्माण और विकास कार्यों की निगरानी करता है। यह प्रधानमंत्री के संस्कृत और उत्तराखंड के प्रति प्रेम का सबसे बड़ा उदाहरण है। इस पहचान को हम तभी कायम रख पाएंगे, जब संस्कृत का प्रचार और प्रसार पूरे भारत वर्ष में होगा। हम उत्तराखंड की शिक्षा में संस्कृत का समावेश करना चाहते हैं। संस्कृत का संरक्षण और प्रचार-प्रसार तभी हो सकता है, जब उसे रोजगार से जोड़ा जाएगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि हम संस्कृत को जानेंगे तो अपनी संस्कृति को भी जान पाएंगे और अपनी संस्कृति को प्रेम करने और अपनाने वाला व्यक्ति ही जीवन में प्रगति कर पाता है। सरकार उत्तराखंड की संस्कृति के साथ साथ देववाणी संस्कृति के प्रचार और प्रसार के लिए ह्वविकल्प रहित संकल्पह्ल के साथ निरंतर कार्य करती रहेगी।
इस मौके पर कार्यक्रम स्थल पर विधायक विनोद कंडारी, स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी , युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह , केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वाराखेड़ी , परिसर के निदेशक डा. पीवीबी सुब्रह्मण्यम एव अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



# परिवार की मान-प्रतिष्ठा को नष्ट करता है नशा



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नशा व्यक्ति के मस्तिष्क और व्यवहार को सबसे अधिक प्रभावित करता है। नशे की लत व्यक्ति के चेहरे पर झलकती है। नशा करने वाले व्यक्ति की बुद्धि और सामाजिक प्रतिष्ठा कभी सम्मानजनक नहीं हो सकती।
**गुरुकुल कांगड़ी** समविश्वविद्यालय, हरिद्वार के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग में समाज में बढ़ते नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान का शुभारम्भ दीप-प्रज्ज्वलित एवं स्वस्तिवाचन के साथ आरम्भ हुआ। कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति की संस्कृति एवं स्वभाव को ही प्रभावित नहीं करता अपितु परिवार के वातावरण एवं मान-प्रतिष्ठा को भी नष्ट करता है। नशे से बचने के लिए संगति एवं इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं संकल्प से नशे से बचाव संभव है।
मुख्य वक्ता एवं गुरुकुल राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रो. उत्तम कुमार शर्मा ने नशे के प्रति जागरूकता को आज की सबसे बढ़ी प्रासंगिता एवं आवश्यकता बताते हुए कहा कि व्यवसायिकरण के बढ़ते चलन ने युवाओं में नशे की प्रवृत्ति को बढाने में अहम भूमिका निभाई है। समाज में अंधविश्वास की तरह ही नशे की लत अधिक होने का एक कारण जागरूकता का अभाव भी हैं।
संकायाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि नशे के सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों पक्ष समाज में उपलब्ध हैं। यह व्यक्ति की इच्छा शक्ति पर निर्भर करता है वह किसका चुनाव करता है।
डॉ. बबलू वेदालंकार ने समाज की पृष्ठभूमि में युवाओं के कृत संकल्प एवं जागरूकता अभियान से नशे की सामाजिक बुराई पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। युवाओं की भागीदारी इस दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हो सकती है। आयोजन सचिव डॉ. शिवकुमार चौहान ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए नशा मुक्ति के उपायों विचार मंथन किया। जी-20 प्रेजीडेंसी कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य वक्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

# छोटी उम्र में बड़ा काम कर गई अभिप्रेरिता

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
इस दुनिया से रुकसत होने के बाद भी नन्हीं अभिप्रेरिता की आंखों से दो लोग इस दुनिया की देखेंगे।
हरिद्वार निवासी 11 वर्षीय अभिप्रेरिता की इच्छानुसार उसके पिता ने उसकी मृत्यु के पश्चात उसकी आंखों को दान किया।
भेल के शिवालिक नगर स्थित दधीची देहदान समिति द्वारा मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र निवासी दीपेश चन्द्र प्रसाद की 11 वर्षीय नन्ही बेटी अभिप्रेरिता की कल निधन हो गया था।
जिसके पश्चात अभिप्रेरिता के पिता ने दधीचि देहदान समिति के कार्य से प्रेरित होकर अपनी बेटी की आँखें दान करवाने की इच्छा समिति के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र चांदना से जाहिर की।



जिस पर समिति ने निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट, ऋषिकेश को सूचित किया। संस्थान की ओर से टीम डॉ. हिमानी व सोहन सिंह की टीम ने अभिप्रेरिता के घर जाकर कॉर्निया प्राप्त किये।
अभिप्रेरिता के पिता के इस पुनीत व साहसिक कदम से नेत्रदान के जरिये दो लोग इस सुन्दर संसार को देख पाएंगे। निर्मल आश्रम आई इंस्टिट्यूट प्रशासन ने दिवंगत बच्ची के परिवार की नेत्रदान सेवा भावना की प्रशंसा की व कहा कि उनके इस नेक कार्य से समाज में नेत्रदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ेगी। जो दानी अपने नेत्रदान का संकल्प करना चाहते हैं, वह दधीची देहदान समिति के उक्त फोन नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

# स्वामी ऋषिश्वरानंद ने केंद्र से की सेंसर बोर्ड को भंग करने की मांग

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री चेतन ज्योति आश्रम के अध्यक्ष एवं भारत साधु समाज के प्रवक्ता स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज ने आदिपुरुष जैसी फिल्मों के निर्माण पर नाराजगी जाहिर करते हुए केंद्र सरकार से सेंसर बोर्ड को भंग करने की मांग की है।
प्रेस को जारी बयान में स्वामी ऋषिश्वरानंद महाराज ने कहा कि सरकार को तत्काल प्रभाव से सेंसर बोर्ड को भंग कर ऐसी फिल्मों के निर्माण पर रोक लगानी चाहिए, जिससे भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म का उपहास उड़ाया जा रहा है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने ग्रामीणों को बतायी सरकार की उपलब्धियां

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे महा जन संपर्क अभियान के तहत गुरुवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के ग्राम पंचायत ब्राह्मण थाला में कार्यकताओं के साथ ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें केंद्र की मोदी सरकार की नौ वर्षों की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भाजपा की रीति नीति के साथ जुड़ने की अपील भी की।
महा जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने ग्रामीणों को भाजपा की रीति नीति के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो देश की सुरक्षा और आमजन के हितों में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा यह सरकार गरीबों के लिए समर्पित है। गरीबों के लिए कई लाभकारी योजनाएं लेकर आई है, जिसमें किसान पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, हल घर नल, सहित तमाम योजनाए हैं, जिसने आम आदमी के जीवन में बदलाव किया है।



उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से चलायी जा रही है योजनाओं को आम जनमानस को लाभ उठाना चाहिए।
उन्होंने कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं, जिससे गरीबों को इसका फायदा मिल सके।
इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राणा, रमेश चैधरी, महामंत्री भरत चैधरी, अमरसिंह, ग्राम प्रधान दीपक थपलियाल आदि मौजूद थे।

# न्यूज फ्लैश

## सीपीडी प्रोग्राम का व्यापक सूट लॉन्च

**देहरादून।** देश में शिक्षकों के बीच शिक्षण (टीचिंग) की गुणवत्ता को बेहतरीन बनाने के साथ-साथ निरंतर प्रोफेशनल डेवलपमेंट के कल्चर को बढ़ावा देने का वादा करने वाली एक ऐतिहासिक पहल में स्कूल इकोसिस्टम के लिए एक प्रमुख एआईइनेबल्ड वन-स्टॉप सॉल्यूशन प्रोवाइडर जैमिट ने शिक्षकों के लिए सीपीडी प्रोग्राम का व्यापक सूट लॉन्च किया है। जैमिट के फाउंडर और डॉयरेक्टर आरूल मालवीय ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय स्तर पर भी शिक्षण कभी भी एक निश्चित और स्थिर पेशा नहीं रहा है। इसके बजाय अब यह एक बहुत ही ज्यादा गतिशील पेशा हो गया है, क्योंकि इस पेशे मे जिसमें शिक्षकों के लिए लगभग निरंतर नए ज्ञान अर्जित करने की आवश्यकता होती है।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के आरोग्य कार्यक्रम के अंतर्गत मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**देहरादून।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के आरोग्य द्वारा, दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक उत्कृष्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन शांतिपूर्ण देहरादून आश्रम में आयोजित किया गया था और इसमें सैकड़ों प्रतिभागी शामिल हुए और योग और पूर्णतात्विक स्वास्थ्य के लाभों को ग्रहण किया । इस एक दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य में योग की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रचारित करना था। प्रतिभागियों को संगठित प्रार्थनाओं और ऊर्जा दायक ओम के ध्वनिमंत्रण के साथ प्रारंभिक सत्र में संलग्न किया गया, जिससे की शरीर को योग अभ्यास सत्र के लिए तैयार करने में मदद मिल सके कार्यक्रम का मुख्य ध्यान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन (स्थितियाँ), प्राणायाम (श्वासायाम) द्वारा स्वास्थ्य लाभ पहुचाना था। अनुभवी योग प्रशिक्षकों और दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी के शिष्यों द्वारा नेतृत्व किया गया।

## देव इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड में इक्विटी शेयर हासिल करने का खुला ऑफर

**देहरादून।** देव इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड (बीएसईः 543462, एनएसईः डीईवीआईटी) क्लाउड, ऑटोमेशन और डेटा टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन प्रदान करने वाला एंड टू एंड (शुरू से अंत तक) टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन प्रोवाइडर है। बोर्ड ने 16 जून, 2023 को संपन्न हुई अपनी बैठक में प्रमोटर, प्रमोटर समूह (विक्रेता) और अमेरिका स्थित एलटी 1, इंक (अधिग्रहण कर्ता) के सदस्यों के बीच शेयर परचेज एग्रीमेंट के क्रियान्वयन को मंजूरी दी।

# भाजपा की बांटो और राज करो की नीति अब नहीं चलेगी : करन माहरा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने श्रीबद्रीनाथ-केदारनाथ मन्दिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि षड्यंत्रकारी कांग्रेस नेता नहीं भाजपा नेता हैं, क्योंकि उन्हें षड्यंत्र करने का मंत्र आजादी के समय से मिला हुआ है।
प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि आजादी के समय उन्होंने आजादी के नायकों के खिलाफ षड्यंत्र किया और आज उसी षड्यंत्र के बल पर देश की सत्ता पर काबिज होकर पूरी दुनिया के हिन्दुओं की आस्था के सबसे बड़े केन्द्र भगवान श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर को भी षड्यंत्र का केन्द्र बना रहे हैं।

> 8 षड्यंत्रकारी कांग्रेस नेता नहीं भाजपा नेता हैं, क्योंकि उन्हें षड्यंत्र करने का मंत्र आजादी के समय से मिला हुआ है

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माहरा ने कहा कि पूर्व में श्रीबद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष रहे कांग्रेस विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पर झूठे एवं मनगढ़ंत आरोप लगाने वाले आज खुद अपने बुने जाल में फंसते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सत्ता पर काबिज होने के लिए करोड़ों-करोड़ हिन्दुओं की आस्था से खिलवाड़ कर सकती है, उसे किसी की धार्मिक आस्था से काई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जब-जब भी भाजपा की सरकारों का भ्रष्टाचार उजागर होता है, तब-तब वे देश की जनता की धार्मिक आस्थाओं का सहारा लेते हैं देश का धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने की चेष्टा करते हैं।
उन्होंने भाजपा से सवाल किया है कि दान में मिला 230 कुन्तल सोना 23 किलो में कैसे बदल गया, जिस 23 किलो सोने को दिखाया जा रहा है उसके स्टॉक का मापन किस विधि से किया गया। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए, जिससे भगवान के मंदिर में भ्रष्टाचार करने वालों का पदार्फाश हो सके। उन्होंने पूछा कि मन्दिर समिति के नाम पर दान एकत्र करने के लिए क्यूआर कोड (खाता नम्बर) जारी किया गया था। इसका मन्दिर समिति ने बाद में खण्डन किया गया। इसकी जांच की गई, लेकिन जांच में क्या सामने आया यह किसी को नहीं पता। क्योंकि इसमें भी भाजपा के षड्यंत्रकारी लोगों का ही हाथ हो सकता है। इस क्यूआर कोड की जांच सबके सामने लाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब देश की जनता जान चुकी है कि भाजपा ने सत्ता में बैठकर केवल लोगों की आस्था से खिलवाड़ किया है। देश के आम आदमी के दुःख दर्द और धार्मिक आस्था से उसका दूर-दूर तक का सरोकार नही है। देश की जनता ने कर्नाटक प्रदेश से एक संदेश देने का काम किया है कि अब भाजपा की बांटो और राज करो की नीति आगे नहीं चलने वाली है।

# कुत्ते की गोली मारकर की थी हत्या

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राइफल से फायर कर कुत्ते की हत्या करने और फायर के दौरान पास में खेल रही नाबालिग लड़की के भी गोली लगने से घायल होने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि 21 जून को थाना भगवानपुर क्षेत्र निवासी तेलूराम ने अपनी रायफल से गोली मारकर कुत्ते की हत्या कर दी थी। इस घटना में पास खड़ी 4 वर्षीय लड़की सृष्टि पुत्री अवनीश भी घायल हो गयी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से 1 रायफल व 01 खोखा कारतूस बरामद किया था।

# अपनी ही पत्नी के बिछाए जाल में फंसा पति, जमकर कुटाई

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर पति की रंगीन मिजाजी पकड़े जाने पर पत्नी ने पति की जमकर कुटाई कर दी। मामला हरिद्वार के बहादराबाद थाना क्षेत्र का है।
पति की रंगीन मिजाजी को पकड़ने के लिए पत्नी ने सिमरन नाम से इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनायी। पति को पता ही नहीं चला कि फेक आईडी बनाने वाली सिमरन कोई और नहीं बल्कि उसकी पत्नी ही है। जब पति सिमरन से बहुत ज्यादा मिलने की बात करने लगा और खुद को अविवाहित बताया तो पत्नी का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ गया। इसके बाद पत्नी ने पति की जमकर कुटाई कर दी।

> 8 पति की रंगीन मिजाजी को पकड़ने के लिए पत्नी ने सिमरन नाम से इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनायी

बताते हैं कि महिला का पति सिडकुल की एक कंपनी में अच्छे पद पर कार्यरत है और अपने परिवार के साथ बहादराबाद क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहता है। पति पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा समय व्यतीत कर रहा था और अपनी पत्नी को समय भी नहीं दे रहा था। पति की हरकतों पर पत्नी को शक होने पर पत्नी ने अपने पति को रंगे हाथों पकड़ने के लिए खुद इंस्टाग्राम पर एक फेक आईडी बनाई। इंस्टाग्राम पर महिला ने अपना नाम सिमरन नाम रखा और सुंदर सी फोटो भी लगायी। वीडियो भी हरिद्वार और आसपास के डाले। इससे पति फोटो देखकर अपना दिल खो बैठा और उसने डोरे डालने शुरू कर दिए। पति को पता भी नहीं लगा कि जिस सिमरन पर वो डोरे डाल रहा है वो उसकी पत्नी ही है। शुरू में तो ठीक रहा, लेकिन जब पति हद से आगे बढने लगा और मिलने की बात करने लगा व सातों जीवन साथ बिताने की कसमें खाने लगा, तब पत्नी ने आपा खो दिया और अलग कमरे में काम का बहाना करके चैटिंग कर रहे पति की कुटाई कर दी। पूरी रात हंगामा चला और किसी तरह पति ने घर से बाहर जाकर जान बचाई। पत्नी क पीटे जाने का यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# एम्स ऋषिकेश में मूत्र रोग संबंधी हुई कार्यशाला



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
महिलाओं में मूत्र रोग से संबंधी विभिन्न समस्याओं पर जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से एम्स में कार्यशाला हुई। गुरुवार को टेलिमेडिसिन सोसाइटी ऑफ इंडिया उत्तराखंड स्टेट चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में महिलाओं ने मूत्र रोग से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर खुलकर चर्चा की गई और यूरिन संबन्धी समस्याओं से बचने के लिए समय पर इलाज शुरू करने की सलाह दी।
इस कार्यक्रम में मोटिवेटर के तौर पर अधिकांशतः वह महिलाएं शामिल थीं, जिन्हें पूर्व में मूत्र रोग से संबन्धित विभिन्न समस्याएं रही हैं और इलाज कराने के बाद अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। कार्यक्रम के पहले सत्र में मूत्र रोगों के प्रति महिलाओं का दृष्टिकोण, बीमारी के प्रति जागरूकता और उसके इलाज के बारे में विस्तार से समझाया गया। दूसरे सत्र में इलाज के बाद स्वस्थ हो चुकी महिलाओं द्वारा मूत्र रोग से ग्रसित अन्य महिलाओं को बीमारी के लक्षणों को पहचानने और ऐसी महिलाओं को सही समय पर इलाज करने को लेकर प्रेरित किया गया।
काशीपुर की परमिन्दर कौर, बिजनौर के धर्मपुरा गांव की सुमन देवी, बिजनौर की ही सरिता देवी, सहारनपुर की प्रियंका, रूद्रपुर की डॉ. पूजा जौहरी, नेशनल चिल्ड्रन एजुकेशन गुमानीवाला, ऋषिकेश की प्रधानाचार्य गीता त्रिपाठी, मुजफ्फरनगर की पुष्पा देवी और बिजनौर की लक्ष्मी देवी आदि महिलाओं ने पेशाब से संबंधी अपनी समस्याओं और इलाज के बाद मिले स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक अपने अनुभव साझा किए। इन महिलाओं ने बताया कि पेशाब से संबन्धित किसी भी समस्या का पता चलने पर समय रहते इलाज करा लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर से बीमारी से संबन्धित बात करते समय किसी भी प्रकार की झिझक नहीं करें और यूरीन संबन्धी सभी बीमारियों का एम्स ऋषिकेश में इलाज संभव है।

# केदारनाथ स्वर्ण मंडन प्रकरण की उच्च न्यायालय के जज से निगरानी कराएं : गोगी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस कार्यकताओं ने करोड़ों हिन्दुओं की आस्था के केंद्र श्री केदारनाथ धाम में गर्भगृह की दीवारों को स्वर्णमंडित करने के स्थान पर पीतल लगाने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को भाजपा सरकार का पुतला फूंका। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने केदारनाथ गर्भगृह में स्वर्ण मंडन प्रकरण की उच्च न्यायालय के जज से निगरानी कराने की मांग की है।
कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए सरकार का पुतला फूंका। उन्होंने कहा कि भाजपा हिन्दुत्व का ढोल पीटती है और हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करती रही है। द्वादश ज्योतिलिंगों में से एक श्री केदारनाथ धाम के गर्भगृह में सोने की परत लगाने का प्रचार किया गया और अब पता चला है कि वहां पर पीतल का काम किया गया है।



करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र केदारनाथ धाम में इस कार्य में शुरू से विवाद रहा है। अनेक पुरोहितों ने गर्भगृह के पौराणिक स्वरूप से छेड़छाड़ करने का विरोध भी किया था, जिसे सरकार ने जैसे तैसे प्रबंध करके मामला शान्त किया। फिर भाजपा नेताओं ने जोरशोर से प्रचार प्रसार किया गया, जो भाजपा और भाजपा सरकार की आदत ही रही है कि धार्मिक मामलों का सहारा लेकर उनको अपने पक्ष में भुनाया जाए। अब कुछ पुरोहितों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि गर्भगृह में सोने की बताई गई परत का रंग फीका हो रखा है और कुछ लोग उसके ऊपर सोने की पॉलिश कर रहे हैं। वहां कैमिकल का भी प्रयोग हो रहा था।
तीर्थपुरोहितों का आरोप है कि वहां पीतल की परत लगाई गयी है। शुरू में भाजपा नेताओं ने आरोप को पूरी तरह से निराधार बताया, लेकिन अब खुद पर्यटन मंत्री जांच की बात करने लगे हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार में खुद भ्रम और असहजता की स्थिति है। ऐसे में सरकार के स्तर पर इस प्रकरण की जांच विश्वसनीय नहीं होगी।
इस प्रकरण की जांच उच्च न्यायालय के सिटिंग जज की निगरानी में ही की जाए। क्योंकि स्वर्ण नहीं लगने के आरोप हैं तो इनकम टैक्स की चोरी होने को भी जांच के दायरे में रखा जाए। कांग्रेस हिन्दुओं की भावनाओं से खिलवाड़ करने के प्रयासों का भरपूर विरोध करेगी। केंद्र की भाजपा सरकार की तरह ही उत्तराखंड की भाजपा सरकार की सारी ऊर्जा समस्याओं के निराकरण के बजाय रात दिन पीआर एक्सरसाइज पर ही लगती है। इस मामले में कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में विरोध करेंगे और जनता के बीच सरकार के इस कृत्य से लोगों को अवगत कराएंगे।
इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री मनीष नागपाल, सत्या पोखरियाल, राव नसीम, ललित बद्री, मुनिक अहमद,पूनम खंडारी,अभिषेक तिवारी,संजय भारती,आलोक मेहता ,भूपेंद्र नेगी, सईद अहमद जामल, मुकेश, सूरज छेत्री, अरुण बलोनी, आजाद आदि उपस्थित थे।

## संपादकीय

# आपातकाल का काला अध्याय!

**पिछले** 47 साल में पैदा हुई पीढ़ी शायद इस बात को न समझे कि लोकतंत्र की अहमियत क्या होती है , या फिर दमन का दर्द कैसा होता है क्योंकि इस पीढ़ी का सौभाग्य है कि उसने भारत में वह भयावह मंजर नहीं देखा जो आजादी से पहले की पीढ़ी ने झेला और बाद में बहुत छोटे से कालक्रम में आपातकाल के काले दौर में जनता व जननायकों ने झेला था । शायद कुछ ही लोगों को याद हो कि 26 जून 1975 को इस देश में पहली व अंतिम बार आपातकाल लगाया गया । जिसे उस समय के सत्ता के पिछलग्गुओं ने अनुशासन पर्व नाम दिया पर हिन्दुस्तान की जनता ने मौका मिलते ही 1977 में अपने जनादेश में बहुत ही स्पष्ट रुप में बता दिया कि यहां तानाशाही के लिए कोई जगह नहीं है । आईए, आज एक बार फिर से विवेचन करें कि आखिर क्यों व किन हालातों में म लगी थी तब इमर्जेन्सी । यदि आज और 1974 की परिस्थितियों पर गहराई से गौर किया जाये तो कई सारी समानताएं नजर आती दिखाई दे जाएंगी 1974 में भी अचानक ही महंगाई का ज्वालामुखी सा फट पड़ा था । तब चारों ओर विपक्ष का हल्लाबोल सा नजर आ रहा था, अव्यवस्था, अनशासनहीनता , घपलों व घोटालों का शोर सुनाई देने लगा था । प्रशासनतंत्र लगभग ह्यफेल्योरह्ण के कगार पर पंहुच गया था । जयप्रकाश नारायण के रूप में समाजवादियों को एक मजबूती से खड़ा रहने वाला नेता भी मिल गया था और सबसे बड़ी बात ये हुई थी कि हमेशा बिखरे रहने वाले विपक्ष ने उनके नेतृत्व को न केवल स्वीकार किया था वरन् उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना मंजूर ही नहीं किया था बल्कि वह उनके साथ चल भी पड़ा था । जनता आश्चर्यजनक रूप से उस समय की सबसे लोकप्रिय नेता इंदिरागांधी के खिलाफ हो चली थी और इसका भान तक भी इंदिरागांधी जैसी तेज तर्रार नेता को भी नहीं हो पाया था , या कि उनके सिपहसालारों होने नहीं दिया था । आज भी कमोबेश ऐसी ही स्थितियां और परिस्थितियां देश में साफ साफ दिख रही हैं ।
उस समय की सरकार 1972 में भारी बहुमत से चुनी गई सरकार थी और आज की सरकार को भी अभी तो कोई संकट नजर नहीं आता दिखाई दे रहा है ,उस समय की सरकार पर एक ही नेता के रूप में श्रीमती इंदिरागांधी का प्रभुत्व व नियंत्रण था और वें उस समय कांग्रेस की निर्विवाद नेता थी आज भी इस सरकार पर एक ही नेता का पूरा पूरा नियंत्रण है । उस समय की सरकार की नेता के रूप में इंदिरागांधी का मानना था कि उन्हे जनता ने चुनकर भेजा है इसलिये देश को अपने ही तरीके से चलाना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है और उनके अधिकार क्षेत्र में कोई भी हस्तक्षेप नहीं ही कर सकता है , आज भी यदि गौर करें तो यही सब उभर आ रहा है । और जो कुछ भी नेता सोचते या करते हैं बस, वही सही है । यदि उस समय और आज के हालात पर एक नजर और डालें तो उस समय भी विपक्ष एकजुट होना चाहता था आज भी विपक्ष एकता के लिए जूझ रहा है । उस समय के मंत्रिमंडल पर निगाह डालें तो उस वक्त की कैबिनेट में वरिष्ठ मंत्रियों के होते हुये भी इंदिरागांधी व संजय गांधी के वफादार लोग हावी थे आज भी हालात दीगर नहीं हैं उस समय बंसीलाल , विद्याचरणशुक्ल , प्रकाशचंद्र सेठी , नारायणदत्त तिवारी ,सरदार दरबारा सिंह सिद्धार्थ शंकर राय जैसे लोगों के हाथों में कमान रहा करती थी और यें लोग वही बोलते, देखते,व करते थे।

# भ्रष्टाचार की जांच पर निर्लज्ज राजनीति

-डॉ. आशीष वशिष्ठ

> "लालू यादव और उनके परिवार तथा 2004-09 के दौरान रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले का ही लें, तो जांच और एजेंसियों की छापेमारी को अनैतिक या दुरुपयोग कैसे करार दिया जा सकता है? लालू यादव कुख्यात चारा घोटाले में सजायाफ्ता नेता हैं और फिलहाल जमानत पर हैं। यह केस प्रधानमंत्री देवगौड़ा के कार्यकाल के दौरान दर्ज किया गया था। उस सरकार के समर्थक नेता लालू भी थे। ईडी ने मौजूदा छापों के दौरान जो बरामद किया है, उसके ब्योरे देश के सामने आ चुके हैं। कुल 600 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी का खुलासा हुआ है, जिसमें बेनामी संपति भी बताई गई है। सवाल है कि क्या इतनी अमीरी की जांच नहीं होनी चाहिए? लालू तो खुद को गरीब-गुरबे का नेता घोषित करते रहे हैं"

**बीते** दिनों प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने तमिलनाडु सरकार के मंत्री सेंथिल बालाजी को प्रदेश में सरकारी नौकरी के बदले पैसा दिए जाने के कथित घोटाले में पिछले हफ्ते गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होते ही मंत्री ने हाईवोल्टेज ड्रामा किया। मंत्री का रोते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। गिरफ्तारी के बाद सेंथिल को सीने में दर्द उठ गया था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रायः रसूखदार व्यक्ति पुलिस या जांच एजेंसी के शिकंजे में फंसते ही बीमार पड़ जाते हैं। मुद्दा मंत्री के रोने या बीमार पड़ने का नहीं है, असल मुद्दा यह है कि विपक्ष भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताता है। राजनीतिक दलों का कहना है कि केंद्र सरकार उन राज्यों के मंत्रियों और नेताओं को टार्गेट कर रही है जहां विपक्षी पार्टियां सरकार चला रही हैं। वहीं केंद्र द्वारा जांच एजेंसियों के दुरूपयोग की बात भी विपक्ष करता है। हालांकि जब देश में यूपीए की सरकार थी तो सुप्रीम कोर्ट ने 2013 में टिप्पणी की थी कि सीबीआई सरकार का तोता है। यह आरोप नया नहीं है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या भ्रष्टाचार की जांच नहीं होनी चाहिए? क्या राजनीति दल या राजनेताओं का भ्रष्ट आचरण पर कानूनी शिंकजा नहीं कसना चाहिए? अगर राजनीतिक दल या राजनेताओं के हाथ पाक साफ हैं तो उन्हें किसी बात का डर नहीं होना चाहिए। वर्तमान में भी विपक्ष के कई नेता ऐसे हैं जिन पर जांच एजेंसियों की छाया तक नहीं पड़ी है।

मोदी सरकार के नौ साल से ज्यादा के कार्यकाल में जांच एजेंसियों ने भ्रष्टाचार में लिप्त राजनेताओं, नौकरशाहों और कारोबारियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाईयां की हैं। वहीं मोदी सरकार ने राजनीतिक भ्रष्टाचार पर चुप्पी साधने या ढकने की बजाय उस पर कार्रवाई करने की जो नीति पर अमल किया है, उससे विपक्ष में बैचेनी है। असल में देश की राजनीति और राजनीतिक दलों में राजनीतिक भ्रष्टाचार पर एक मूक या आम सहमति का माहौल लंबे समय से जारी था। मंच से अपने विरोधी को भ्रष्ट बताने वाले नेता कुर्सी पर बैठते ही राजनीतिक भ्रष्टाचार पर मौन धारण कर लेते हैं। लेकिन मोदी सरकार ने इस आम या मूक सहमति को तोड़ने को काम किया। मोदी सरकार ने जांच एजेंसियों को फ्री-हैंड दे रखा है, इसलिए ज्यादा कार्रवाई होती अब दिखने लगी है।





राजनीतिक भ्रष्टाचार पुरानी बीमारी है, इस बीमारी का इलाज पहले भी जांच एजेंसियां और सरकारें करती रहीं हैं। पूर्व में राजनीतिक भ्रष्टाचार पर जुबानी जमा खर्च ज्यादा होता था। अब ठोस कार्रवाई हो रही है। दिल्ली सरकार के दो मंत्री आबकारी घोटाले में जेल में बंद हैं। तो कई अन्य दलों के भ्रष्ट नेता जांच एजेंसियों के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। जांच एजेंसियां ठोस सबूतों के आधार पर ही किसी नेता या अन्य पर केस दर्ज करती है। बावजूद इसके राजनीतिक दल जांच एजेंसियों की कार्रवाई को बड़ी बेशर्मी से राजनीति से प्रेरित बताते हैं।

ईडी में 51 सांसदों और 71 विधायकों के खिलाफ जांच जारी है। वे सभी विपक्ष के नहीं हैं। ये जांच एजेंसियां पहले की सरकारों के अधीन भी कार्यरत थीं, लिहाजा आज भी मौजूदा सरकार के संवैधानिक अधिकार-क्षेत्र में हैं। यदि आज इनका दुरुपयोग किया जा रहा है, तो पहले की सरकारों ने भी तोता बनाकर रखा था। यह सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी है। मामलों का कम और ज्यादा होना बेमानी है। चूंकि हमारी संवैधानिक और प्रशासनिक व्यवस्था ही कुछ ऐसी है कि जांच एजेंसियां, अंततः, केंद्र सरकार के ही अधीन काम करती हैं।

दरअसल बुनियादी सवाल यह है कि भ्रष्टाचार किया गया है अथवा नहीं? क्या जांच-पड़ताल और छापेमारी के बिना ही एजेंसियां आरोप-पत्र अदालत में दाखिल कर सकती हैं? एजेंसियां या सरकार नहीं, बल्कि माननीय न्यायाधीश साक्ष्यों, सबूतों, दस्तावेजों और कानून की धाराओं के मुताबिक, आरोपितों को रिमांड पर भेजते हैं अथवा न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाता है। इस पूरी प्रक्रिया के लिए प्रधानमंत्री मोदी को कोसना, उन्हें तानाशाह करार देना या प्रत्येक भ्रष्टाचार के बदले अडानी, अडानी का लगातार प्रलाप करना नैतिक या तर्कसंगत नहीं है। आंकड़ों के प्रकाश में बात की जाए तो केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई ने 2022 के अंत तक 124 मामले दर्ज किए थे, जिनमें 118 मामले विपक्षियों के खिलाफ दर्ज किए गए और भाजपा के मात्र 6 केस इस दायरे में लाए गए। अर्थात करीब 95 फीसदी विपक्षी आरोपित हैं और किसी भी स्तर पर जेल भेजे जा सकते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) है। उसने कांग्रेस के 24, तृणमूल के 19, एनसीपी के 11, शिवसेना के 8, द्रमुक के 6, राजद और सपा के 5-5 और आम आदमी पार्टी (आप) के 3 नेताओं के खिलाफ विभिन्न मामले दर्ज कर रखे हैं। जांच जारी है। कुछ नेता जेल में कैद हैं। विपक्ष एजेंसियों के दुरुपयोग और सरकार के नाजायज विशेषाधिकार पर चिलचिला रहा है। इसे 2024 के आम चुनाव का वृत्तांत बनाना चाहता है।

लालू यादव और उनके परिवार तथा 2004-09 के दौरान रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले का ही लें, तो जांच और एजेंसियों की छापेमारी को अनैतिक या दुरुपयोग कैसे करार दिया जा सकता है? लालू यादव कुख्यात चारा घोटाले में सजायाफ्ता नेता हैं और फिलहाल जमानत पर हैं। यह केस प्रधानमंत्री देवगौड़ा के कार्यकाल के दौरान दर्ज किया गया था। उस सरकार के समर्थक नेता लालू भी थे। ईडी ने मौजूदा छापों के दौरान जो बरामद किया है, उसके ब्योरे देश के सामने आ चुके हैं। कुल 600 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी का खुलासा हुआ है, जिसमें बेनामी संपत्ति भी बताई गई है। सवाल है कि क्या इतनी अमीरी की जांच नहीं होनी चाहिए? लालू तो खुद को गरीब-गुरबे का नेता घोषित करते रहे हैं। गरीब-गुरबे का परिवार बिहार का सबसे अमीर परिवार कैसे बन गया, क्या यह सच देश के सामने नहीं आना चाहिए? इन दिनों छ्त्तीसगढ़ में ईडी पूरी तरह सक्रिय है। एक के बाद एक छ्त्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के मंत्रियों और कई नौकरशाहों को 2020 में हुए कोयले से जुड़े एक घोटाले के मामले में अक्टूबर 2022 से कुछ-कुछ दिनों के अंतराल पर पूछताछ के लिए समन किया जा रहा है और कई गिरफ्तारियां की जा चुकी हैं। इसी तर्ज पर अन्य राज्यों में घोटालों ओर भ्रष्टाचार की जांच हो रही है। दिल्ली सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन कई महीनों से तिहाड़ जेल में हैं। एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के खिलाफ विपक्ष के कई नेता सर्वोच्च अदालत तक दस्तक दे चुके हैं, लेकिन अदालत ने भी हस्तक्षेप करना उचित नहीं समझा।

सर्वोच्च न्यायालय भी कहता रहा है कि कानूनी मामला कानूनी पायदानों के जरिए ही चलना चाहिए। भ्रष्टाचार किया है, तो जांच जरूरी बनती है। संविधान, कानून और नैतिकता का तकाजा यह है कि यदि कोई भ्रष्टाचार कर रहा है, तो उसे छोड़ा नहीं जाना चाहिए। उसकी जांच जरूरी है और प्रत्येक मामले को कानूनी निष्कर्ष तक पहुंचाया जाना चाहिए, क्योंकि भ्रष्ट नेता, अंततः, देश की जनता को लूटते हैं और उनके भरोसे को ठगते हैं।

केंद्रीय जांच ब्यूरो के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एजेंसी की प्रशंसा करते हुए जिस तरह यह कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों की जांच में उसे हिचकने की आवश्यकता नहीं है, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि जांच एजेंसियों के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान में और तेजी आने के ही आसार हैं।

भ्रष्ट नेताओं और राजनीतिक दलों का यह समझना चाहिए कि जनता के जनादेश ऐसे विलापों से कतई प्रभावित नहीं होते।

## कविता

### पिता

जिसकी उंगलियां पकड़ हम खड़े हुए
जिसके कंधों पर चढ़ हम बड़े हुए
जिसके सपनों के हम घड़े हुए
उस गृहसंसार के परम ब्रह्म
पिता को शत शत नमन

जिसके प्राणों के उपवन में
जिसकी इच्छाओं के घन वन में
होके अमलतास के फूल खिले हम
उस शतदल हरित छांव सघनतम
पिता को शत-शत नमन

हम जिस कंठ के स्वर हुए
हम जिस चेतसमृग के पर हुए
हम जिस आत्मप्रकाश के घर हुए
जिसकी तपोभूमि पर खड़े हैं हम उस
अडिग तपस्वी पिता को शत शत नमन

डॉ एम डी सिंह

# बिखरते कुनबे से कमजोर होता एनडीए

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**कहने** को तो केंद्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार चल रही है। मगर सरकार में शामिल दलों की सूची देखें तो एनडीए के नाम पर इक्का-दुक्का छोटे दलों को छोड़कर कोई भी बड़ी पार्टी केंद्र सरकार में शामिल नहीं है। कभी देश के अधिकांश बड़े दल एनडीए का हिस्सा होते थे। मगर आज स्थिति उसके उलट हो गई है। अब एनडीए नाम मात्र का रह गया है।

1998 में कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस विरोधी राजनीतिक दलों को एक छतरी के नीचे लाने के लिए अटल बिहारी बाजपेई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का गठन किया था। जॉर्ज फर्नांडिस को इसका संयोजक बनाया गया था। 1998 के लोकसभा चुनाव से पूर्व गठित एनडीए में शामिल 16 दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा और केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बना ली थी। जो मात्र एक साल बाद ही अन्नाद्रमुक के समर्थन वापस लेने से गिर गई थी। 1999 में फिर अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी जो 2004 तक चली थी। गठन के समय एनडीए में छोटे-बड़े कुल 16 राजनीतिक दल शामिल थे। 1999 के चुनाव में 21 दल, 2004 में 12 दल, 2009 में 8 दल, 2014 में 23 दल व 2019 में 20 राजनीतिक दल एनडीए में शामिल होकर एक साथ चुनाव लड़े थे।

मगर अब एनडीए की स्थिति बहुत कमजोर हो गई है। एनडीए में शामिल अधिकांश बड़े राजनीतिक दल भाजपा से गठबंधन तोड़ कर अलग हो गए हैं। वर्तमान समय में एनडीए में छोटे बड़े मिलाकर कुल 13 राजनीतिक पार्टियां शामिल हैं। जिस में भी बहुत सी पार्टियां नाम मात्र की ही है। एनडीए के कुनबे की बात करें तो इसमें भाजपा के अलावा अपना दल (सोनेलाल), ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन, नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी, मिजो नेशनल फ्रंट, नागा पीपुल्स फ्रंट, लोक जनशक्ति पार्टी, शिवसेन (शिंदे), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस, अन्नाद्रमुक, पीएमके, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) जैसी पार्टियां शामिल है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद शिरोमणि अकाली दल, जनता दल ( यूनाइटेड), शिवसेना, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी जैसे कई दलों ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है। एनडीए छोड़ने वाले सभी दलों ने भाजपा नेतृत्व पर आरोप लगाया कि वह अपनी मनमानी करता है। एनडीए गठबंधन नाम मात्र का रह गया है। सारे फैसले भाजपा नेतृत्व ही करता है। 2019 में शिवसेना ने एनडीए में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। मगर बाद में राज्य विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के पद को लेकर विवाद होने के बाद शिवसेना ने एनडीए छोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस के साथ मिलकर महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी बनाकर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार बना ली।

## विचार

# शेयर निवेश-मेडिकल क्षेत्र के शिखर पर भी जाता यूपी

**आर.के. सिन्हा**

बीते दिनों उत्तर प्रदेश (यूपी) को लेकर दो बड़ी खबरें आईं, जिसने देश के सबसे बड़े सूबे की एक अलग ही छवि दुनिया के समक्ष पेश की। पहली खबर आई कि बीते अप्रैल महीने में शेयर बाजार से जुड़ने वाले नए निवेशकों की संख्या के मामले में यूपी ने देश की आर्थिक राजधानी वाले राज्य महाराष्ट्र तक को पीछे छोड़ दिया है। बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज (बीएसई) के मुताबिक, नए डीमैट खाते खोलने में यूपी ने महाराष्ट्र के अलावा भी सभी अन्य राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। इस तरह से यू.पी. की एक साल में 37% की बढ़त हुई है। इसी अवधि में महाराष्ट्र की ग्रोथ 20%, गुजरात की 15%, राजस्थान की 26% और कर्नाटक की 20% ही रही है। शेयर बाजार में यूपी की ठसक लगातार ही बढ़ रही है। शेयर बाजार के गढ़ महाराष्ट्र को ही यूपी वालों ने सीधी टक्कर दे दी है। बीएसई के मुताबिक एक साल में यूपी से 35 लाख नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया है। हालांकि एक समय था जब महाराष्ट्र और कर्नाटक दोनों राज्यों को शेयर बाजार की जान माना जाता था। शेयर बाजार में यूपी के बढ़ते कदम के लिए राज्य की जनता की आय बढ़ने, महिलाओं का बाजार में रुझान और जोखिम की क्षमता उठाने की प्रकृति प्रमुख वजहें हैं। शेयर बाजार के कुल कारोबार में सालाना 1.28 लाख करोड़ का धंधा मात्र यूपी से हो रहा है। इसमें भी 30% की वृद्धि हुई है। इस बीच, अगर हम बीते कुछ सालों पर नजर दौड़ाएं तो यूपी से 2021-22 में 92 लाख निवेशक थे। यह आंकड़ा 2022-23 में हो गया 1.27 करोड़। दूसरी खबर नीट-यूजी से जुड़ी है। डॉक्टरी में दाखिले के लिए आयोजित इस परीक्षा में यूपी के अभ्यार्थियों ने सर्वाधिक बाजी मारी। इस वर्ष के परिणाम में सबसे ज्यादा संख्या यूपी के विद्यार्थियों की रही। महाराष्ट्र और राजस्थान दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इन दोनों खबरों ने बदलते हुए उत्तर प्रदेश में हो रहे विकास की प्रत्यक्ष तस्वीर हमारे सामने रख दी है। इस बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के नीट-यूजी रिजल्ट में इस साल सबसे अधिक यूपी के स्टूडेंट पास हुए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और राजस्थान का स्थान है। लगभग 20.38 लाख में से कुल 11.45 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। बात संख्या की करें तो यूपी की इस सफलता का वजन और चमक दोनों ज्यादा महूसस होगा। यूपी में सबसे अधिक 1.39 लाख, महाराष्ट्र में 1.31 लाख और राजस्थान में एक लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र देश के दो सबसे अधिक आबादी वाले राज्य हैं, जबकि राजस्थान भी जनसंख्या के मामले में शीर्ष दस राज्यों में आता है। शीर्ष पांच में केरल और कर्नाटक दो अन्य राज्य हैं, जिनमें से प्रत्येक ने 75,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। नीट-यूजी देश की बड़ी और प्रतिष्ठित प्रतियोगिता परीक्षा है। यह परीक्षा भारत के बाहर 14 शहरों झ्र आबूधाबी, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, दुबई और कुवैत सिटी में आयोजित की गई थी। गौरतलब है कि नीट-यूजी के अंकों के आधार पर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। परीक्षा 13 भाषाओं असमिया, बांग्ला, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू में आयोजित की गई थी। बेशक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यानथ के नेतृत्व वाली सरकार के लिए भी यह बड़ी उपलब्धि है। दिलचस्प है कि कुछ वर्ष पहले तक बीमारू राज्यों में शामिल यूपी आज एक अग्रणी और स्मार्ट नीति के सफल कार्यान्वयन के साथ तेजी से विकास कर रहा है। देश के जीडीपी में राज्य आठ प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। यूपी सरकार ने आगामी पांच वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में एक ट्रिलियन डॉलर के योगदान का लक्ष्य निर्धारित किया है। यानी, भारत के विकास की इस रेलगाड़ी के लिए देश का सबसे बड़ा सूबा उत्तर प्रदेश ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। जिस प्रदेश के युवा अपने प्रोफेशनल शिक्षा और भविष्य को लेकर इतने जागरूक हों, वहां कारोबारी दशा भी साथ के साथ बेहतर होगी, ऐसा मानकर चलने की बात हवाई नहीं, बल्कि इसके कई तार्किक आधार हैं।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**

***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# स्वाभिमान एवं शौर्य की प्रतीक थी दुर्गावती

**ललित गर्ग**

**भार**त का इतिहास महिला वीरांगनाओं के शौर्य, शक्ति, बलिदान, स्वाभिमान एवं प्रभावी शासन व्यवस्था के लिये दुनिया में चर्चित है। इन वीरांगणाओं ने जहां हिंदू धर्म, संस्कृति एवं विरासत को प्रभावित किया, वहीं इन्होंने संस्कृति, समाज और सभ्यता को नया मोड़ दिया है। अपने युद्ध कौशल एवं अनूठी शासन व्यवस्था से न केवल भारत के अस्तित्व एवं अस्मिता की रक्षा की बल्कि अपने कर्म, व्यवहार, सूझबूझ, स्वतंत्र सोच और बलिदान से विश्व में आदर्श प्रस्तुत किया है। भारतीय इतिहास ऐसी महिला वीरांगनाओं की गाथाओं से भरा हैं। लेकिन उनमें से केवल रानी दुर्गावती ऐसी विलक्षण, साहसी एवं कर्मयोद्धा साम्राज्ञी हैं जिन्हें उनके बलिदान, स्वाभिमान और वीरता के साथ गोंडवाना के एक कुशल शासक के तौर पर याद किया जाता है। 24 जून को देश उनका बलिदान दिवस मनाता है जब उन्होंने मुगलों के आगे हार स्वीकार नहीं करते हुए आखिरी दम तक मुगल सेना का सामना किया और उसकी हसरतों को कभी पूरा नहीं होने दिया। महारानी दुर्गावती ने 1564 में मुगल सम्राट अकबर के सेनापति आसफ खान से लड़कर युद्ध-भूमि में अपनी जान गंवाने से पहले पंद्रह वर्षों तक कुशल एवं प्रभावी शासन किया था। रानी दुर्गावती का जन्म सन् 1524 में दुर्गाष्टमी पर होने के कारण ही उनका नाम दुर्गावती रखा गया। नाम के अनुरूप ही अपने तेज, साहस, शौर्य और सुंदरता के कारण इनकी प्रसिद्धि सब ओर फैल गई। उनका राज्य गोंडवाना में था। महारानी दुर्गावती कालिंजर के राजा कीर्तिसिंह चंदेल की एकमात्र संतान थीं। दुर्गावती को बचपन से ही तीरंदाजी, तलवारबाजी का बहुत शौक था। इनकी रूचि विशेष रूप से शेर व चीते का शिकार करने में थी। इन्हें बन्दूक का भी अच्छा खासा अभ्यास था। इन्हें वीरतापूर्ण और साहस से भरी कहानी सुनने और पढ़ने का भी बहुत शौक था। रानी ने बचपन में घुड़सवारी भी सीखी थी। रानी अपने पिता के साथ ज्यादा वक्त गुजारती थी, उनके साथ वे शिकार में भी जाती और साथ ही उन्होंने अपने पिता से राज्य के कार्य भी सीख लिए थे।

# पाकिस्तान कंगाली के दौर में

**संजीव ठाकुर**

"**विनाश** काले विपरीत बुद्धि" कहावत पाकिस्तान के लिए एकदम सटीक बैठती है। पाकिस्तान दाने दाने के लिए मोहताज हो गया है' कंगाली के इस भयानक दौर से गुजर रहे पाकिस्तान ने चीन के साथ भारत की सीमा पर लगे मियांवाले जिले में चश्मा परमाणु का पांचवा प्लांट स्थापित करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शरीफ ने चीन का इस प्लांट के लिए एहसान माना है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा पाकिस्तान को कर्ज देने में देरी से पाकिस्तान को चीन द्वारा कुछ वित्तीय मदद की जाने का आश्वासन दिया है और इसी तारतम्य में नया रिएक्टर परमाणु प्लांट लगाने का समझौता किया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री शरीफ भी मौजूद थे उन्होंने चीन के साथ अपनी दोस्ती को हिमालय से भी ऊंची करार दिया है। दूसरी तरफ पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाने के लिए पाकिस्तान के वित्त मंत्री ने कराची बंदरगाह का सौदा संयुक्त अरब अमीरात से किया है । पाकिस्तान ने एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर कराची बंदरगाह के टर्मिनल को संयुक्त अरब अमीरात को बेचने का वाणिज्यिक समझौता भी कर लिया है। पाकिस्तान में जब खाने के नहीं है दाने ऐसे में भारत की सीमा से लगे चश्मा नामक स्थान पर 480 अरब डॉलर का चीन के साथ पांचवा परमाणु प्लांट डालने की क्या सूझी है यह समझ से परे है। पाकिस्तान अब ऐतिहासिक,अभूतपूर्व वित्तीय कंगाली के दौर से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री नवाज शरीफ हर तरफ से सत्ता में आने के बाद निराशा के गर्त में डूब चुके हैं' पूरी दुनिया के देशों से घूम घूम कर कर्ज मांगने के बाद भी उन्हें फूटी कौड़ी नहीं मिल पाई है पाकिस्तानी जनता रोजी रोटी बिजली पानी के संकट से गुजर रही है और देश में हाहाकार मचा हुआ है। आम जनता विद्रोह पर उतर आई है। पाकिस्तान अपनी गलत नीतियों के कारण दुनिया में अकेला पड़ गया है। आवाम के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया और इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड, सऊदी अरेबिया, तुर्की, ईरान ,इराक तथा उसके सबसे बड़ा हिमायती देश चीन ने भी पाकिस्तान को किसी भी तरह के कर्ज देने से इनकार कर दिया है' पाकिस्तान के अंदरूनी हालात बड़े विचित्र किंतु सत्य की स्थिति में आ चुके हैं।

## न्यूज फ्लैश

### पिडिलाइट के प्रभावी टाइल फिक्सिंग एडहेसिव ब्रांड रॉफ ने उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया

**पानीपत:** पिडिलाइट, कंस्ट्रक्शन और स्पेशिलिटी कैमिकल्स के प्रमुख निमार्ता ने टाइल फिक्सिंग के लिए पुराने विकल्पों की बजाए अपने प्रभावी टाइल फिक्सिंग एडहेसिव ब्रांड रॉफ की ह्यमगर की जकड़ह्य जैसी मजबूती को लेकर नया उपभोक्ता जागरूकता अभियान शुरू किया है। ये कैम्पेन सीमेंट सहित पारंपरिक टाइल फिक्सिंग प्रोसेस के परिणामस्वरूप टूटी हुई टाइलों, डिबॉन्डिंग, गिरने वाली टाइलों और ऊबड़-खबड़ लगी टाइलों के साथ ग्राहक की हताशा को भी सामने लाएगा। इसमें साफ दिखाया गया है कि गलत टाइल लगाने के कारण ग्राहक लगातार परेशानियों का सामना करता है।पिछले कुछ दशकों में टाइलों के उपयोग में काफी तेजी से बदलाव आया है, और पारंपरिक टाइल फिक्सिंग विधियों का पालन करना आज के ग्राहकों की उभरती जरूरतों के अनुरूप नहीं हो सकता है।दरअसल, सिरेमिक टाइलों के पीछे मिट्टी की सतह होती है जो सीमेंट के साथ अच्छी तरह से बंध जाती है, विट्रीफाइड टाइलें, जो आज सबसे अधिक उपयोग की जाने वाली टाइलें हैं, के पीछे एक चिकनी, सपाट और बिना किसी छेदवाली सतह होती है जो अकेले सीमेंट के साथ मजबूती से बंध पाना मुश्किल होता है। साथ ही अलग अलग जगहों पर लगने वाली टाइल का आकार भी बड़ा होता जा रहा है। टाइल लगाने की पारंपरिक विधि उनकी पकड़ की ताकत को काफी कम कर देती है। लगातार बेहतर होती मॉडर्न टाइलों और पत्थरों को अधिक मजबूती के साथ पकड़ बनाए रखने के लिए हाई पावर एडहेसिव्स की आवश्यकता होती है जो सही फिक्सिंग के लिए समान रूप से फैलते हैं।श्री सुधांशु वत्स, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इस नए कैम्पेन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पिडिलाइट, हमेशा से ही तेजी से विकसित होती नई कैटेगरीज में नए उत्पादों को लाकर लीडरशिप हासिल करता है और ये कंपनी की कोर वैल्यू है। इसके चलते हुए पिडिलाइट लगातार आगे बढ़ रही है। हमारे ब्रांड रॉफ का उद्देश्य भारत में टाइल्स लगाने के तरीके को बदलना है। हमारे इस नए अभियान का राष्ट्रव्यापी लॉन्च टाइल फिक्सिंग को लेकर जागरूकता बढ़ाने और ग्राहकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। रॉफ उत्पादों में अत्याधुनिक तकनीक शामिल है, जो लोकल इंटेलिजेंस के साथ ग्लोबल विशेषज्ञता को शामिल करती है। वे ठेकेदारों, आर्किटेक्चर्स को बिना किसी चिंता के लंबे समय तक चलने वाली खूबसूरत टाइल्स और स्टोन्स बनाने में सक्षम बनाते हैं। इस पहल के माध्यम से हमारा उद्देश्य ग्राहकों को अच्छी तरह से जानकारी आधारित विकल्प बनाने के लिए जागरूक और सशक्त बनाना है।

### हायर को रंजनगांव, पुणे में भारतीय विनिर्माण इकाई के लिए आईएसआई प्रमाणन प्राप्त हुआ

**हिसार।** अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए, घरेलू उपकरणों में वैश्विक लीडर और लगातार 14 वर्षों से प्रमुख उपकरणों के क्षेत्र में दुनिया के नंबर 1 ब्रांड, हायर अप्लायंसेज इंडिया (हायर इंडिया) ने आज घोषणा की कि रंजनगांव, पुणे स्थित उसकी अत्याधुनिक डीप फ्रीजर निर्माण इकाई ने प्रतिष्ठित आईएसआई प्रमाणन प्राप्त करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा जारी प्रमाणन, पुष्टि करता है कि इस कारखाने में निर्मित सभी उत्पाद ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा, स्थायित्व और प्रदर्शन के उच्चतम मानकों को पूरा करते हैं। सतीश एनएस, प्रेसीडेंट, हायर इंडिया, ने आईएसआई प्रमाणन प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "हमें रंजनगांव, पुणे में अपनी विनिर्माण इकाई के लिए आईएसआई प्रमाणन प्राप्त करने पर गर्व है। यह उपलब्धि उच्च गुणवत्ता वाले ऐसे उपकरण प्रदान करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं जो ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करते हैं। यह प्रमाणन सुरक्षा, स्थायित्व और प्रदर्शन के प्रति हायर के समर्पण को मजबूत करता है और उद्योग में उच्चतम मानकों के पालन की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।"

### क्रोमा में शुरू हो रहा है बैक टू कैंपस सेल

**नोएडा।** नए शैक्षणिक साल के शुरू होने के उपलक्ष्य में क्रोमा ने अपना सबसे मशहूर बैक टू कैंपस सेल शुरू किया है। लैपटॉप्स, टैबलेट्स, स्मार्टफोन्स, स्मार्टवॉचेस, हेडफोन्स और इयरफोन्स पर आकर्षक ऑफर्स के साथ क्रोमा का बैक टू कैंपस सेल छात्रों और तकनीक के प्रति उत्साही उपभोक्ताओं के लिए खरीदारी की अतुलनीय खुशी लेकर आता है। एक्सक्लूसिव वाउचर्स और सेल ऑफर्स का लाभ उठाइए और अपनी इच्छाओं को पूरा कीजिए। क्रोमा के बैक टू कैंपस सेल का सबसे बड़ा आकर्षण होती हैं लॅपटॉप्स की डील्स, इसमें हर महीना मात्र 1,412 रुपयों से शुरू होने वाले 350 से ज्यादा विकल्प उपलब्ध हैं। किफायती लैपटॉप चाहिए या फिर सबसे बेहतरीन परफॉर्मेन्स, क्रोमा में आपकी इच्छा और पसंद यक ीनन पूरी होगी। इन्टेल कोर आई3 लैपटॉप्स की कीमतें सिर्फ 32,990 रुपयों से शुरू होती हैं, इनमें माइक्रोसॉफ्ट होम एंड स्टूडेंट्स पहले से नि:शुल्क इन्स्टॉल किया हुआ है। अगर आप गेमिंग के दीवाने है तो आपके लिए प्रस्तुत है रायजेन 3 लैपटॉप्स सिर्फ 37,990 रुपयों से आगे की कीमतों में।

# सांसद ने की योजनाओं की समीक्षा

## युवाओं को स्वरोजगार की तरफ ले जाने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम चलाया: धर्मवीर



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने आज पंचायत भवन में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (दिशा) की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि देश का युवा स्वरोजगार अपनाकर देश के विकास में अपना योगदान दे। इसी उद्देश्य को लेकर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस योजना के तहत लघु उद्योग लगाने के लिए सभी बैंक जल्द से जल्द लोन पास करवाएं।

मनरेगा योजना के तहत जिला महेंद्रगढ़ में हुए कार्यों की समीक्षा के दौरान सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनरेगा के तहत बारिश के पानी को अधिक से अधिक रिचार्ज करने के लिए छोटे-छोटे तालाब व बांध बनाए जाएं। विशेषकर पहाड़ी क्षेत्र के आसपास छोटे-छोटे जोहड़ बनाए जा सकते हैं। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में मनरेगा योजना के तहत लगभग 60 हजार कार्ड जारी किए गए हैं। इस योजना के तहत इस वर्ष अब तक 994 काम लिए गए हैं। फिलहाल 991 पर कार्य जारी है।

स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिला महेंद्रगढ़ में ग्रे वाटर मैनेजमेंट के तहत 10 प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है। इसी प्रकार सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर 65 गांवों में सैड का निर्माण किया जाना है। इनमें से 22 गांव में कार्य पूरा हो चुका है। 34 गांवों में कार्य प्रगति पर है और 9 कार्य अभी शुरू होने हैं।

अधिकारियों ने बताया कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के तहत प्रत्येक माह की 2 तारीख को पॉलिथीन मुक्ति अभियान चलाया जाता है। अब तक तीन हजार किलो प्लास्टिक एकत्रित करके वेंडर को दिया गया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महेंद्रगढ़, सतनाली और निजामपुर ब्लॉक में ग्रामीण महिलाओं की आजीविका शुरू करने के लिए स्पेशल कैंप लगाए जाएंगे।

# आर्य समाज के सौजन्य से युवाओं ने निकाली जागरुकता रैली



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। आर्य समाज** नांगल चौधरी के सौजन्य से सरस्वती स्कूल नांगल चौधरी के प्रांगण में द्वितीय युवा चरित्र निर्माण एवं आत्मरक्षा शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में क्षेत्र के संकड़ो बच्चे भाग लेते हुए चरित्र निर्माण और आत्म रक्षा के गुर सीख रहें हैं।17 जून से आरंभ हुए इस शिविर के समापन 23 जून को होगा। शिविर के समापन के एक दिन पूर्व युवाओं ने कस्बे में एक भव्य रैली प्रमुख बाजारों से निकालकर लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया। रैली की शुरूआत नई अनाज मंडी, कोटपुतली रोड़, वैकल्पिक बस अड्डा, निजामपुर रोड़, गांधी बाजार, गर्ल्स स्कूल रोड होते हुए वापस शिविर स्थल पर समापन किया।शिविर आयोजकों ने बताया कि इसका भव्य समापन एवं प्रदर्शन 23 जून को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। समापन अवसर पर भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद धर्मवीर सिंह तथा मंत्री ओमप्रकाश यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

आयोजन मंडल ने लोगों से अपील की है कि शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर युवाओं का हौसला बढ़ाएं।

# नपा चेयरमैन-पार्षदों ने एक वर्ष कार्यकाल पूरा होने पर नपा परिसर में लगाया भंडार



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**नगरपालिका** में वीरवार को नपा चैयरमैन व सभी पार्षदों ने अपने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भंडारा लगाया और केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी। भंडारे में नगरपालिका के अधिकारियों, कर्मचारियों व सफाई कर्मचारियों के अलावा पूर्व चैयरमैन व पार्षदों ने प्रसाद लिया। इसके बाद नपा सभागार में केक काटा। नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के दिन सभी पार्षदों को उनके वार्ड की जनता ने जीत का आशीर्वाद दिया था। भगवान हमें इतनी शक्ति दे कि गन्नौर की जनता से उनसे जो उपेक्षा की है वे उनके ऊपर खरा उतरे। सभी पार्षदों में अपने वार्ड के लोगों को सुविधा दिलाने और सेवा करने की इच्छा है। इस मौके पर नगरपालिका उपाध्यक्ष एवं पार्षद दिनेश अधलखा, पार्षद वरूण जैन, खुशबू जैन, शिवानी जैन, शमशेर सैनी, नरेश वर्मा, विकास शर्मा, संगीता त्यागी, सचिन, सोनिया शर्मा, राजेश शर्मा के अलावा पूर्व चेयरमैन ईश्वर कश्यप, गौरव जैन, अमित शर्मा, हरविन्द्र त्यागी, नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब,एमई राहुल मोर, जेई के अलावा ठेकेदार सतेन्द्र पांघाल, महक फौगाट, दीपक रापरिया, रजनीश त्यागी आदि मौजूद थे।

# आहुलाना गांव में आज होगा हरियाणा उदय कार्यक्रम का आयोजन

**गन्नौर: हरियाणा उदय** कार्यक्रम के अंतर्गत गन्नौर खंड के गावं आहुलाना में 23 जून को हरियाणा उदय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ललित सिवाच करेंगे। यह जानकारी एसडीएम गन्नौर डा. निर्मल ने दी। उन्होंने बताया कि हरियाणा उदय के तहत सुबह 9 बजे से आम जनमानस की शिकायतों के पंजीकरण की शुरूआत की जाएगी। सांयकाल के समय उपायुक्त द्वारा सभी शिकायतों की सुनवाई और समाधान किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों की स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी और लोगों को उनका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

# एनएसएस के बच्चों ने मनाली में किया एडवेंचर स्पोर्ट कैम्प




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**उच्चतर शिक्षा** विभाग पंचकूला हरियाणा के तत्वाधान में 10 जिलों से 60 बच्चों ने 10 दिन तक अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टिट्यूट ऑफ मॉन्टेनियरिंग एंड अलाइड स्पोर्ट्स मनाली में एडवेंचर कैम्प का आयोजन किया गया। इस प्रकार का यह हरियाणा से जिन स्कूलों में एन एस एस यूनिट हैं उनके बच्चों के लिए पहला कैम्प था। जिला पानीपत के एन एस एस कॉर्डिनेटर सुनील मलिक ने बताया कि राज्य एन एस एस अधिकारी दिनेश कुमार के प्रयासों से यह सम्भव हुआ है। जिसमें बबैल स्कूल के एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर अजेन्द्र कुण्डू के नेतृत्व में जिला पानीपत से 5 बच्चों ने इस कैम्प में हिस्सा लिया। अजेन्द्र कुण्डू ने बताया कि बबैल स्कूल से छाया, नैंसी, अंजली व प्रियांशी तथा सिठाना स्कूल से रोहित ने कैम्प में हुई अनेक प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। श्री कुण्डू ने बताया कि कैम्प के दौरान बच्चों को बेसिक मॉन्टेनियरिंग कोर्स के समकक्ष ट्रेनिंग देते हुए रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, ट्रेक्किंग, टेंटिंग, रिवर क्रासिंग जैसी विधाओं में पारंगत किया। कैम्प में बच्चों को विभिन्न एडवेंचर एक्टिविटी के साथ साथ बच्चों को एडवेंचर स्पोर्ट्स की बढ़ती हुई मांग के अनुरूप इसमें कैरियर की क्या क्या सम्भावनाएं हैं और कैसे आप स्वयं के जीवन मे रोमांच के साथ रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, के बारे में बताया गया।

# वाटर टेस्टिंग लैब का निर्माण अधूरा, एजेंसी ने लैब के निर्माण के लिए अतिरिक्त समय मांगा



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**क्षेत्र में सप्लाई** हो रहे पीने के पानी की शुद्धता जांचने के लिए बादशाही रोड स्थित जलघर में लैब का निर्माण किया जा रहा है। लैब बनाने पर करीब 70 लाख रुपये की राशि खर्च होने हैं, लेकिन करीब डेढ साल बीत जाने बाद भी लैब का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। एजेंसी ने लैब के निर्माण के लिए छह महीने का और समय मांगा है। जिसके चलते अब लैब निर्माण में अभी छह माह का और समय लगेगा। लैब का निर्माण पूरा होने के बाद इसमें पानी की जांच शुरू हो जाएगी।

**छोटी लैब में सभी परीक्षण नहीं हो पा रहे**

अभी हाल में गन्नौर जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में छोटी लैब बनी हुई है, जिसमें पानी के सभी परीक्षण नहीं हो पा रहे हैं। पानी को जांच के लिए सोनीपत लैब में भेजना पड़ता है जिस वजह से पानी सैंपल का परीक्षण समय पर नहीं हो पाता और पानी की शुद्धता का समय पर पता नहीं चल पाता।

जलघर में लैब के निर्माण के लिए 2022 में टेंडर अलाट किया गया था। एजेंसी को लेबर न मिलने की वजह से निर्माण कार्य छह माह बाद शुरु किया गया। काम देरी से शुरु होने की वजह से काम निर्धारित समय पर पूरा नहीं हो पाया। अब एजेंसी द्वारा काम पूरा करने के लिए छह माह का अतिरिक्त समय मांगा है।

**बड़ी लैब आधुनिक उपकरणों से लैंस होगी : एसडीओ**

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा जलघर में बड़ी लैब बनाई जाएगी। जिसमें आधुनिक उपकरण रखे जाएंगे। लैब का संचालन करनाल विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। इससे पानी पीने योग्य है या नहीं पता चल सकेगा।

एसडीओ ने बताया कि पानी के सैंपल जांच करने के लिए लैब छह माह में बन जाएगी। एजेंसी को जल्द से जल्द लैब का निर्माण कार्य पूरा करने के आदेश दिए गए हैं, ताकि लैब शुरु की जा सके।

# यूपी सरकार ने खान एकेडमी के साथ नए एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 48,000 सरकारी हिंदी स्कूलों के 500,000 से अधिक छात्रों के लिए गणित की पढ़ाई के परिणाम में सुधार के लिए खान एकेडमी के साथ एक नए एमओयू पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। यह साझेदारी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), माध्यमिक शिक्षा विभाग और समाज कल्याण विभाग सहित बेसिक शिक्षा विभाग की देखरेख वाले स्कूलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए हिंदी में उच्च गुणवत्ता वाली गणित की सामग्री को सुलभ बनाएगी। इस पहल को एचडीएफसी बैंक द्वारा अपने सीएसआर अंब्रेला ब्रांड परिवर्तन का समर्थन दिया गया है। 2021 से, उत्तर प्रदेश सरकार केजीबीवी सरकारी स्कूलों में गणित सीखने के परिणामों में सुधार के लिए खान एकेडमी के साथ मिलकर काम कर रही है। इस पहल के उत्साहजनक परिणामों ने इस साझेदारी के विस्तार को प्रेरित किया है। खान एकेडमी ने शिक्षा प्रदान करने की प्रणाली को नया रूप दिया है और कक्षा के वातावरण में अपने निर्बाध एकीकरण के माध्यम से गणित सिखाने का प्रयास किया है जिसे शिक्षकों और छात्रों दोनों ने सराहा है। साझेदारी के नवीनीकरण पर टिप्पणी करते हुए उत्तर प्रदेश में स्कूली शिक्षा के महानिदेशक विजय किरण आनंद ने कहा,उत्तर प्रदेश सरकार और खान अकादमी के बीच यह सहयोग यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि प्रत्येक विद्यार्थी की उन शैक्षिक उपकरणों और संसाधनों तक पहुंच हो जिनकी आवश्यकता उन्हें गणित में उत्कृष्टता हासिल करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने के लिए है। केजीबीवी में कार्यक्रम की सफलता ने गणित सीखने के परिणामों में सुधार के लिए पहले से ही आशाजनक परिणाम दिखाए हैं।

# निर्माणाधीन डंपिंग यार्ड में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल । नांगल** चौधरी के वार्ड नंबर पांच में निमार्णाधीन डंपिंग यार्ड में घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल को देखते हुए पार्षदों के एक प्रतिनिधि मंडल ने मौका मुआयना करने के बाद ठेकेदार से काम रोक देने को कहा । वहीं मौके पर नगर पालिका जेई को भी इस बाबत सूचित करते कहा गया कि यदि उक्त निर्माण कार्य में कोताही बरती गई तो नगर पार्षद इस कार्य का पूर्ण विरोध करेंगे । मौके पर वार्ड नंबर पांच के पार्षद सतपाल सहित वार्ड दस के पार्षद मुकेश शर्मा , पार्षद प्रतिनिधि होशियार सिंह , पार्षद धर्मचंद , कंवर सिंह जाखड़ आदि मौजूद थे। सभी पार्षदों ने जेई नगर पालिका विकास गर्ग से फोन पर बात की तथा घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल बाबत रोष जताया । जेई विकास ने पार्षदों को विश्वास दिलाया कि निर्माण सामग्री के सैंपल लिए जायेंगे।

# आशा यूनियन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। आशा कार्यकर्ता** यूनियन हरियाणा सम्बन्धित एआईयूटीयूसी के बैनर तले वीरवार को जिला भर की आशा कार्यकर्ता लघु सचिवालय पार्क में एकत्रित होकर सभा की। सभा के पश्चात लघु सचिवालय कार्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन कर अपनी मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से डिप्टी सुपरिंटेंडेंट को सौंपा।

सभा को सम्बोधित करते हुए जिला सचिव मधु देवी ने कहा कि आशा वर्कर्स ने कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों का अनमोल जीवन बचाने का काम किया है, लेकिन सरकार ने कोरोना काल में आशा वर्कर्स की अतुल्य योगदान को भूलाने का काम कर रही है। आशा वर्कर्स स्वास्थ्य विभाग की रीढ हैं। समाज को आगे बढ़ाने में आशा वर्कर्स के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

ज्ञापन में मांग की गई है कि आशा वर्कर्स की लम्बी सेवाओं को देखते हुए सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए लागू किया जाए, सेवा के दौरान मृत्यु हो जाने पर एक्सग्रेसिया लाभ दिया जाए, रिटायरमेंट पर एकमुश्त 10 लाख रुपए सहायता राशि दी जाए व सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन, ग्रेच्युटी लागू की जाए, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व अस्पताल में रिटायरिंग रूम की व्यवस्था की जाए, आशा कार्यकर्ता से सम्बन्धित कार्य ही लिए जाए।

# थर्मल प्लांट के गेट पर इंजीनियर एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत थर्मल** पॉवर स्टेशन के मुख्य द्वार पर वीरवार को हरियाणा पॉवर जेनरेशन इंजीनियर एसोसिएशन ने कार्यकारी अभियंता के निलंबन के विरोध में गेट मीटिंग करके प्रदर्शन किया। इंजीनियर सुदीप नंदी राजीव गांधी थर्मल पॉवर प्लांट खेदड़ में बॉयलर मेंटेनेंस डिवीजन एक में कार्यकारी अभियंता के पद पर कार्यरत थे। पिछले 49 दिनों से राजीव गांधी थर्मल पॉवर प्लांट में कांट्रेक्टर के कर्मचारी अपनी नियुक्ति कौशल रोजगार निगम के माध्यम से करवाने के लिए प्लांट गेट पर हड़ताल पर बैठे हुए थे। जिसकी वजह से प्लांट में बहुत दिक्कतें आई लेकिन इंजीनियर सुदीप नंदी ने इस दौरान पूरी मेहनत और लगन से पूरे कार्य को बखूबी संभाला। जबकि प्रबंधन ने कांट्रेक्टर के कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर ले लिया है। उनकी हड़ताल की वजह से प्रिवेंटिव काम नहीं होने के कारण, यूनिट एक को मजबूरन बंद करना पड़ा। वहां पर कार्यरत कार्यकारी अभियंता सुदीप नंदी को प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा मुख्य अभियंता से भी इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा है। हरियाणा पॉवर जेनरेशन इंजीनियर एसोसिएशन ने मैनेजमेंट के इस फैसले के विरोध में हरियाणा विद्युत उत्पादन कॉरपोरेशन के सभी पावर प्रोजेक्ट पर गेट मीटिंग का आयोजन कर विरोध प्रदर्शन किया और प्रबंधन से इस निलंबन को तुरंत रद्द करने की मांग की है। इस अवसर पर सूरजभान, सुनील दुरेजा, अशोक कुमार चोपड़ा, विकास वाधवा, रविंद्र यादव, संजय अहलावत, रुचि वर्मा, दिनेश, अमित, नीरज व दीप्ति शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रेनू विद्या मंदिर में योग दिवस पर योग के महत्व के बारे में बताया

**8 मानसिक एवं शारीरिक समस्याओ को ध्यान में रखते हुए मनुष्य के जीवन में योग के महत्व को बताया**



**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**श्री** रामेश्वर सेवा संस्था द्वारा संचालित रेनू विद्या मंदिर में अन्तर्राष्टीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम किया गया। इस दौरान कोच सुधीर एवं सुनील शर्मा ने सभी को अलग अलग योग करने सिखाये एवं वर्तमान समय में बढ़ रही मानसिक एवं शारीरिक समस्याओ को ध्यान में रखते हुए मनुष्य के जीवन में योग के महत्व को बताया। इस दौरान संस्थान के सभी अध्यापक दिव्यांग बच्चो एवं अन्य कर्मचारियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। योग का हमारे जीवन बहुत महत्व है, इससे न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि योग मन और आत्मा के मिलन का जरिया है, जो वास्तविक सुख प्रदान करता है। संक्रमण से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से योग दिवस हर साल मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय योग पद्दति को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए योग दिवस की पहल की।

# देवभूमि उत्तराखण्ड



## संकल्प नये उत्तराखण्ड का

उत्तराखण्ड को महत्व देने के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद। हम निश्चित रुप से मोदी जी की आकांक्षाओं का उत्तराखण्ड बनाएंगे। प्रदेश के लिए उनका योगदान वृहद है। उत्तराखण्ड से उनका रिश्ता मर्म एवं कर्म का है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

**पुष्कर सिंह धामी**
**मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड**

उत्तराखण्ड आज जिस तरह से कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है, वो बहुत सराहनीय है। ये इस देवभूमि की पहचान को संरक्षित करने के लिए भी अहम है। और मेरा विश्वास है कि देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरुप भी उत्तराखण्ड का विकास करना होगा।

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

## विकास के नवरत्न

1



केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य।

2



गौरीकुण्ड-केदारनाथ, गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे।

3



मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।

4



4000 से अधिक होम स्टे विकसित।

5



16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।

6




AIIMS, ऋषिकेश का उधमसिंहनगर में सैटेलाइट सेंटर।

7



2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलपमेंट।

8



एडवेंचर टूरिज्म व योग का केन्द्र बना उत्तराखण्ड।

9



टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का विकास।

- चारधाम ऑल वेदर रोड
- दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे
- वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन
- पर्वतमाला परियोजना से प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना
- पर्यटन हब, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरता उत्तराखण्ड
- भारतमाला परियोजना
- एक जिला-दो उत्पाद योजना
- निवेश अनुकूल औद्योगिक नीति
- स्टार्टअप से युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना
- स्टेट मिलेट मिशन से राज्य में पौष्टिक अनाज को बढ़ावा

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR